विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 328 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 28 अगस्त 2024 डाक 29 अगस्त 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए


**विविधा**
आम आदमी पार्टी के सदस्यों ने रोहतक में भाजपा सांसद कंगना रनौत की किसानों पर टिप्पणी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया



**देश-विदेश**
उत्तरकाशी के वरुणावत पर्वत से भूस्खलन कई वाहन मलबे में दबे, बचाव अभियान जारी



**फीचर पेज**
किस फल से मिलती है सबसे ज्यादा ताकत, जवाब जानकर हैरान रह जाएंगे आप



# 12 घंटे के बंद से जनजीवन प्रभावित, कई जगह झड़पें, हिरासत में ली गईं लॉकेट चटर्जी



**कोलकाता, 28 अगस्त [एजेंसी]।**

पश्चिम बंगाल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर से कथित दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में देशभर नाराजगी है। इस बीच बीते दिन राज्य सचिवालय 'नबन्ना' तक प्रदर्शनकारियों के पहुंचने के प्रयासों के दौरान कई स्थानों पर पुलिस के साथ झड़पें हुईं।

कोलकाता और हावड़ा की सड़कों पर बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। राज्यभर में 200 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके विरोध में भाजपा की बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने 12 घंटे के बंगाल बंद का आह्वान किया है। भाजपा द्वारा बुलाए गए 12 घंटे के बंगाल बंद पर पार्टी की रूपा गांगुली ने कहा कि टीएमसी के लोग कह रहे हैं कि लोग बंद का पालन नहीं कर रहे हैं, जबकि बसें खाली जा रही हैं। इसका मतलब है कि लोग बंद का पालन कर रहे हैं। क्या आपने मुझे किसी को बंद का पालन करने के लिए मजबूर करते देखा। पुलिस इन दिनों बहुत बुरा व्यवहार कर रही है, क्या उन्हें शर्म नहीं आती। भाजपा नेता प्रियांगु पांडे ने बताया कि आज मैं अपने नेता अर्जुन सिंह के आवास पर जा रहा था। हम कुछ दूर चले थे कि भाटपारा नगर पालिका की जेटिंग मशीन से सड़क को ब्लॉक कर दिया गया।

जैसे ही हमारी गाड़ी रुकी, करीब 50-60 लोगों ने गाड़ी को निशाना बनाया। मेरी गाड़ी पर 7 से 8 बम फेंके गए और फिर 6-7 राउंड फायरिंग की गई। यह टीएमसी और पुलिस की मिली-जुली साजिश है। उन्होंने मेरी हत्या की योजना बनाई। पुलिस ने सहयोग किया और जानकारी दी। मेरी सुरक्षा वापस ले ली गई और फिर यह घटना हुई। भाजपा नेता लॉकेट चटर्जी ने कहा कि कुछ नहीं होगा, जितना ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया जाएगा। उतना ज्यादा लोग विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे। यह लोगों का गुस्सा है और वे सड़क पर हैं। पुलिस लोगों को हिरासत में ले सकती है, लेकिन विचार को नहीं।उत्तर 24 परगना के भाटपारा में भाजपा नेता प्रियांगु पांडे पर हुए हमले के स्थान के पास से पुलिस ने खाली बम के खोल बरामद किए। प्रियांगु पांडे ने दावा किया कि आज सुबह उत्तर 24 परगना के भाटपारा में कई लोगों ने उनकी कार पर हमला किया और गोलीबारी की। भाजपा नेता अर्जुन सिंह ने कहा कि प्रियांगु पांडे हमारी पार्टी के नेता हैं। आज उनकी कार पर हमला हुआ और फायरिंग की गई। ड्राइवर को गोली लगी है। 7 राउंड फायरिंग हुई। यह सब एसीपी की मौजूदगी में किया गया। प्रियांगु पांडे को मारने की योजना बनाई गई थी। टीएमसी के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वे इस तरह की हरकतें कर रहे हैं। दो लोग घायल हुए हैं, उनमें से एक की हालत गंभीर है।

## बंगाल में बीजेपी नेता पर कई राउंड फायरिंग, पार्टी बोली- हत्या की साजिश



**नई दिल्ली 28 अगस्त।** पश्चिम बंगाल में बंद के दौरान हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। बीजेपी ने आज बंगाल बंद बुलाया है। बंद के दौरान बीजेपी और टीएमसी कार्यकर्ताओं के भिड़ने की खबरें हैं। उधर, भाटपाड़ा में बीजेपी नेता पर फायरिंग हुई है। बीजेपी नेता अर्जुन सिंह ने आरोप लगाया कि हमारी पार्टी के नेता प्रियंगु पांडे की कार पर हमला हुआ है। उन पर सात राउंड गोली चली हैं। हमले में दो लोग घायल हुए हैं। कार चालक भी जख्मी हुआ है। ये सब एसीपी की मौजूदगी में हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रियंगु की हत्या की साजिश थी। टीएमसी के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वे इस तरह की चीजें कर रहे हैं।

## महादेव सट्टा ऐप में छत्तीसगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई हवाला नेटवर्क का मास्टरमाइंड दिनेश गुजरात से गिरफ्तार




**रायपुर , 28 अगस्त [एजेंसी]।**

महादेव सट्टा ऐप में छत्तीसगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने गुजरात पुलिस के साथ मिलकर ज्वाइंट ऑपरेशन में महादेव ऐप से जुड़े हवाला नेटवर्क के मास्टरमाइंड दिनेश व्यास को गिरफ्तार कर लिया है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने दिनेश को उसके पैतृक गांव ब्राह्मणवे से पकड़ा है, गुजरात के पाटन जिले के चांसमा पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत है। दिनेश व्यास के खिलाफ 3 जुलाई को लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया था। इस गिरफ्तारी से महादेव ऐप को समर्थन देने वाले वित्तीय नेटवर्क के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की उम्मीद है, जो ऐप के खिलाफ चल रही जांच में एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। दिनेश व्यास की गिरफ्तारी के बाद निकट भविष्य में और भी बड़े अपराधियों की गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है। दिनेश व्यास को जल्द ही ट्रांजिट रिमांड पर दुर्ग लाया जाएगा, जहां उससे पूछताछ की जाएगी और आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## हेड कॉन्स्टेबल के भाई को नक्सलियों ने उतारा मौत के घाटं

**बीजापुर, 28 अगस्त [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बल का नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है। इससे बौखलाए नक्सली लगातार हिंसक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इसी बीच बीजापुर से बड़ी खबर आ रही है। यहां नक्सलियों ने पुलिस जवान के भाई की निर्मम हत्या कर दी है। बतादें कि पिछले पांच दिनों में नक्सलियों ने तीन ग्रामीणों की हत्या कर उन्हें मुखबिरी के आरोप में निशाना बनाया है।



दरअसल, यह घटना बीजापुर के तिमेनार गांव की है। जानकारी के अनुसार खेती किसानी करने वाला ग्रामीण कारम सन्नू (27) मंगलवार रात में अपने घर के सामने बैठा था तभी कुछ हथियारधारी पहुंचे और हत्या कर दी।

इस मामले पर पुलिस की ओर से कोई अधाकारिक जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि परिजनों ने मिरतुर थाना में हत्या की रिपोर्ट कराई है। मृतक कारम सन्नू का भाई दंतेवाड़ा में प्रधान आरक्षक के पद कार्यरत है।

## 29 अगस्त को होने वाला जनदर्शन स्थगित

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हर सप्ताह गुरुवार को होने वाला जनदर्शन इस गुरूवार 29 अगस्त को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में शुरू की गई इस क्रांतिकारी योजना से साल 2014 के बाद 38 लाख करोड़ सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचे। लाभार्थियों के खाते में पहुंची यह राशि डीबीटी के बिना प्रति रुपया केवल 15 पैसे, यानी मात्र 5.7 लाख करोड़ तक ही सीमित रहती।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## एसएसबी जवान ने किया सुसाइड



**दुर्ग, 28 अगस्त [एजेंसी]।**

इस्पात नगरी भिलाई से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां सशस्त्र सीमा बल के 28वें बटालियन में कांस्टेबल के पद तैनात एक जवान ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने सर्विस रायफल से खुद को गोली मारी है। मृतक जवान हरियाणा का रहने वाला था और भिलाई में ट्रांजिट कैंप में ड्यूटी कर रहा था।

आत्महत्या की वजहों का खुलासा नहीं हो पाया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। दो दिन पहले भी छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में सीआरपीएफ के हेड कॉन्स्टेबल विपिन्द्र चन्द्र ने एके-47 से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। जवान उत्तराखंड का रहने वाला था और सीआरपीएफ 195 बटालियन मुख्यालय बारसूर में पदस्थ था।

## सोनप्रयाग से 300 तीर्थ यात्रियों का दल केदारनाथ पैदल रवाना, बदरीनाथ हाईवे बंद



**गढ़वाल, 28 अगस्त [एजेंसी]।**

केदारघाटी में 31 जुलाई को आई आपदा में क्षतिग्रस्त हुए केदारनाथ पैदल मार्ग और राजमार्ग का पुनर्निर्माण युद्धस्तर पर चल रहा है। पैदल मार्ग पर घोड़ा-खच्चर की आवाजाही शुरू होने के अगले दिन सोनप्रयाग से लगभग 300 तीर्थ यात्रियों का दल केदारनाथ के लिए पैदल भेजा गया। पिछले 27 दिन में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में यात्री पैदल रवाना किए गए हैं। मार्ग पर संभावित खतरों को देखते हुए अब तक इक्का-दुक्का यात्री ही जा रहे थे।इस बीच चमोली जिले में नंदप्रयाग के पास पहाड़ी पर भूस्खलन होने से बंद बदरीनाथ राजमार्ग लगभग 107 घंटे बाद खुला, लेकिन दो घंटे बाद ही मलबा आने से यहां आवाजाही रोकनी पड़ी।

राजमार्ग को खोलने का कार्य जारी है। केदारघाटी में हालिया आपदा में सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच 150 मीटर राजमार्ग ध्वस्त हो गया था। इसे दुरुस्त करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग की टीम ने किसी तरह पैदल चलने लायक रास्ता बनाया था, ताकि सामान लाने-ले जाने के साथ ही श्रमिक आवाजाही कर सकें। इस रास्ते से सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच पैदल यात्रा व घोड़ा-खच्चरों की आवाजाही भी शुरू हो गई थी। इसी बीच 19 अगस्त को भूस्खलन होने से 50 मीटर रास्ता ध्वस्त हो गया और सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम का संपर्क फिर कट गया।

पेवर ब्लॉक
सीमेंट से निर्मित (राखड़ मुक्त) उच्च क्वालिटी के पेवर ब्लॉक
जिग्जैक आई कॉस्मिक बर्फी एक्सकॉन
एवं अन्य प्रकार के डिजाइन में
उचित मुल्य पर उपलब्ध
चेकर टाईल्स
पेट्रोल पंप के लिए रबर मोल्ड जिग्जैक भी उपलब्ध है ।
संपर्क करें - 94255-40449
ऐरन इंटरप्राईजेस
कोरबा (छ.ग.)

## अरुणाचल प्रदेश में ट्रक खाई में गिरने से बड़ा हादसा, 3 जवान शहीद, चार घायल

**इटानगर, 28 अगस्त [एजेंसी]।**

अरुणाचल प्रदेश के सुबनसिरी जिले में एक ट्रक गहरी खाई में गिर गया, जिसमें तीन सैन्यकर्मियों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। इटानगर पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में तीनों जवानों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। शहीद जवान सेना की पूर्वी कमान के कर्मी थे। वहीं, पूर्वी कमान ने अपने कर्मियों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। शहीदों की पहचान हवलदार नखत सिंह, नायक मुकेश कुमार और ग्रेनेडियर आशीष के रूप में हुई है।



सेना के पूर्वी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि बहादुर हवलदार नखत सिंह, एनके मुकेश कुमार और जीडीआर आशीष के दुखद निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अरुणाचल प्रदेश में कर्तव्य की पंक्ति में सर्वोच्च बलिदान दिया। भारतीय सेना शोक संतप्त परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है।

## सीएम हिमंत सरमा पर भड़के कपिल सिब्बल मुसलमानों को लेकर दिए बयान पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने बुधवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर जमकर निशाना साधा है। सिब्बल ने हिमंत की मुसलमानों पर की गई टिप्पणी पर नाराजगी जताई है। दरअसल, हिमंता ने कहा था कि मिया मुसलमानों को राज्य पर कब्जा नहीं करने देंगे। अब सिब्बल ने हिमंत की इस टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा कि ये शुद्ध सांप्रदायिक जहर है और इस तरह के बयान का जवाब चुप रहकर नहीं दिया जा सकता है। दरअसल, हिमंत सरमा ने कहा कि



वह मिया मुसलमानों को असम पर कब्जा नहीं करने देंगे। सरमा विधानसभा में नागांव में 14 वर्षीय लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार के मद्देनजर राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा करने के लिए विपक्षी दलों द्वारा पेश किए गए स्थगन प्रस्तावों की स्वीकार्यता पर बोल रहे थे।

## गुजरात में बारिश से त्राहिमाम, 7 लोगों की मौत 15 हजार स्थानांतरित, 300 को रेस्क्यू कर बचाया

**अहमदाबाद, 28 अगस्त [एजेंसी]।**

गुजरात के दर्जनों जिलों में मूसलाधार बारिश जारी रही, जिसकी वजह से निचले इलाके जलमग्न हैं। वर्षाजनित घटनाओं में राज्य में सात लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि जिलों में प्रशासन बड़े पैमाने पर राहत एवं बचाव अभियान चला रहा है। अबतक 15,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर और 300 से अधिक लोगों को बचाया गया है। गुजरात सरकार ने राहत एवं बचाव अभियान के लिए सेना की छह टुकड़ियां तैनात की हैं। देवभूमि द्वारका, आणंद,



वडोदरा, खेड़ा, मोरबी और राजकोट जिलों में एक-एक - जबकि एनडीआरएफ की 14 प्लाटून और एसडीआरएफ की 22 टुकड़ियां आपदा प्रबंधन प्रयासों में अधिकारियों की सहायता कर रही हैं।

गांधीनगर, खेड़ा और वडोदरा जिलों में दीवार गिरने की घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि आणंद में एक शख्स की पेड़ गिरने से मौत हो गई और दो अन्य डूब गए। अधिकारियों ने बताया कि सबसे अधिक प्रभावित दो जिलों वडोदरा (8,361) और पंचमहल (4,000) में 12,000 से अधिक लोगों को स्थानांतरित किया गया है। अब तक 23,870 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है और 1,696 लोगों को बचाया गया है।

# पात्र हितग्राही जाति प्रमाण पत्र बनाने से न चूकें:कलेक्टर

## डीएमएफ से आश्रम-छात्रावास तक पहुंच मार्ग, शेडविहीन बाजारों में शेड, सभी हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूलों में सायकल स्टैंड और सहकारी समितियों में गोदाम निर्माण के प्रस्ताव भेजने कलेक्टर ने दिए निर्देश



कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज समय सीमा की बैठक में विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने 31 अगस्त को आयोजित होने वाले ग्रामसभा का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम सभा के माध्यम से जिले के ऐसे सभी पात्र व्यक्तियों जिनका दस्तावेज के अभाव से जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है, उन सभी का ग्राम सभा के माध्यम से अन्य दस्तावेजों का परीक्षण करते हुए जाति प्रमाण पत्र बनाने की दिशा में कार्यवाही की जाये। कलेक्टर ने ग्रामसभा के माध्यम से पात्र सभी विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के सदस्यों और दस्तावेज नहीं रखने वाले कक्षा पहली से कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने डीएमएफ से आश्रम-छात्रावास तक पहुंच मार्ग, शेडविहीन बाजारों में शेड, सभी हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूलों में सायकल स्टैंड और सभी सहकारी समितियों में गोदाम निर्माण के प्रस्ताव भेजने के निर्देश सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, जनपद सीईओ को दिए।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने पीएम जनमन अन्तर्गत लगाये जा रहे शिविर की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि पीवीटीजी को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से लाभान्वित किया जाये। पीवीटीजी के सभी सदस्यों का आधार और आयुष्मान कार्ड बनाया जाये। उन्होंने किसान सम्मान निधि, पीएम आवास, वन अधिकार पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बैंक खाता आदि का शत प्रतिशत सेचुरेशन के निर्देश दिए। टी एल बैठक में कलेक्टर ने भू-अर्जन, जाति प्रमाण पत्र हेतु शिविर, छात्रावासों तक पहुंच मार्ग, शेड विहीन बाजारों की जानकारी, हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में सायकल स्टैंड, आश्रमों में अधीक्षकों की नियुक्ति, लैब ऑन व्हील, विद्यालयों में युक्तियुक्तकरण, खेल अकादमी का संचालन, ग्राम पंचायतों में सिलाई मशीन का वितरण सहित अन्य विषयों पर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि शासकीय कार्य के लिए सरपंच, सचिवों को दी गई राशि के विरूद्ध कार्य नहीं होने पर वसूली की कार्यवाही में प्रगति लायें। उन्होंने 30 अगस्त को करतला विकासखंड के ग्राम घिनारा में आयोजित होने वाले जन समस्या निवारण शिविर में सभी अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी नियमित भर्ती में शासन के प्रचलित आरक्षण नियमों का अवश्य पालन किया जाये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा, नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगई, अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग, श्री अनुपम तिवारी सहित एसडीएम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने कटघोरा के जेंजरा चौक में रात्रि में अंधेरा होने की शिकायत सामने आने पर क्रेडा विभाग को हाईमास्ट सोलर लाइट लगाने निर्देशित किया है। उन्होंने हाईमास्ट सोलर लाइट हेतु स्टीमेंट तैयार करने के निर्देश दिए।महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह 2024 अन्तर्गत बैठक में कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने पोषण अभियान में संबंधित अधिकारियों को सहभागिता निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने एक से 30 सितंबर तक पोषण माह अन्तर्गत एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी, पढ़ाई भी, बेहतर प्रशासन पारदर्शिता और कुशल सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी, समग्र पोषण थीम पर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों में विभागों को शामिल होने के निर्देश दिए।

## जिला स्तरीय पोषण समिति की ली गई बैठक

कोरबा । भारत सरकार द्वारा सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 योजनांतर्गत 01 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024 तक जिला/विकासखण्ड, ग्राम स्तर एवं प्रत्येक केन्द्र स्तर पर ''राष्ट्रीय पोषण माह'' का आयोजन किया जाना है। इस हेतु जिले में जनसमुदाय तक स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधित व्यापक प्रचार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु जन आंदोलन के रूप में ''राष्ट्रीय पोषण माह'' मनाया जाएगा। पोषण माह हेतु शासन द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग व सहयोगी समस्त विभागों द्वारा 01 सितम्बर 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक प्रतिदिन आयोजित किए जाने वाले गतिविधियों हेतु कैलेण्डर तैयार किया गया है। इनमें मुख्य रूप से एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर प्रशासन, पारदर्शिता और कुशल सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी, समग्र पोषण थीम पर आयोजित गतिविधियां शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जिले में 09 सितंबर से 17 सितंबर तक वजन त्यौहार मनाया जाएगा। वजन त्यौहार के लिए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।पोषण माह के प्रभावी सुचारू एवं परिणाम मूलक गतिविधियों के आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि, सहयोगी विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों की सक्रिय भागीदारी, महिला स्व-सहायता समूहों, महिला मण्डली, नेहरू युवा केन्द्र, नेशनल कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना आदि की सक्रिय भागीदारी लिया जाएगा। इस हेतु कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक ली गई व समस्त विभागों को निर्धारित कैलेण्डर अनुसार गतिविधियां आयोजित कर पोषण माह मनाने व जन-जन तक संदेश पहुंचाने हेतु निर्देशित किया गया है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

कोरबा । संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार 29 अगस्त 2024 को स्व. मेजर ध्यानचंद की जयंती पर जिला मुख्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेल दिवस पर दर्री चौक स्थित स्व. मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर प्रातः 07:30 बजे माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया जाएगा। खेल अधिकारी एवं सहायक खेल अधिकारी, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोरबा ने उक्त आयोजन में जिले में संचालित कोरबा जिला ओलंपिक एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारी, समस्त खेल संघो के पदाधिकारी एवं खिलाड़ियों, स्कूल/कॉलेज के विद्यार्थियों तथा गणमान्य नागरिकों से खेल दिवस के कार्यक्रम में सम्मिलित होने आग्रह किया है।

## तोता एवं अन्य अनुसूचित वन्यजीव 07 दिवस में वन विभाग को सौंपे

कोरबा । वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 यथा संशोधित मई 2022 के अंतर्गत तोते एवं अन्य अनुसूचित पक्षियों को कैद में रखना तथा खरीदी बिक्री करना अपराध की श्रेणी में आता है, जिसमें कारावास (03 वर्ष तक) एवं जुर्माने का प्रावधान है। कोरबा वनमण्डलाधिकारी ने जिले में जिनके पास तोते एवं अन्य अनुसूचित पक्षी, वन्यजीव हैं वे 07 दिवस के भीतर (सहायक वन संरक्षक) उपवनमण्डलाधिकारी श्री आशीष खेलवार मोबाइल नंबर 9039165652, 9770287100 से संपर्क कर पक्षियों एवं वन्यजीव को सौंपने अथवा निकटतम शासकीय चिड़ियाघर में सौंपने की अपील की है। साथ ही ऐसे पक्षी जो स्वस्थ हैं, जिन्हें प्राकृतिक रहवास क्षेत्र में छोड़ा जा सकता है उन्हें यथाशीघ्र छोड़ने कहा गया है। वनमण्डलाधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार किसी भी स्थान पर अनुसूचित पक्षियों एवं वन्यजीवों की खरीद-बिक्री अथवा घर में पालन किए जाने की सूचना टोल फ्री नंबर 18002337000 पर दी जा सकती है।

# कोयला उत्पादन बढ़ा,आपूर्ति हुई सुनिश्चित



कोरबा। देश का कोयला उत्पादन अप्रैल से 25 अगस्त के दौरान 7.12 प्रतिशत बढ़कर 370.67 मिलियन टन हो गया। मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

पिछले वर्ष इसी अवधि में कोयला उत्पादन 346.02 मीट्रिक टन था।

कोयला मंत्रालय ने 25 अगस्त 2024 तक समग्र कोयला उत्पादन में बढ़ोतरी हासिल की है। 25 अगस्त 2024 तक 2024-25 के लिए संचयी कोयला उत्पादन वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि के दौरान 346.02 मीट्रिक टन की तुलना में उल्लेखनीय रूप से बढ़कर 370.67 मीट्रिक टन हो गया है।चालू वित्त वर्ष में 25 अगस्त, 2024 तक कुल कोयला प्रेषण 397.06 मीट्रिक टन था, जो वर्ष-दर-वर्ष 5.48 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है।

विद्युत क्षेत्र को कोयला प्रेषण एक वर्ष पूर्व की समान अवधि के 313.44 मीट्रिक टन से बढ़कर 325.97 मीट्रिक टन हो गया।बयान में कहा गया, इससे विद्युत क्षेत्र की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कोयले की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित होगी।खदानों, ताप विद्युत संयंत्रों और पारगमन में पिटहेड्स सहित कुल कोयला स्टॉक की स्थिति 25 अगस्त, 2024 तक 121.57 मीट्रिक टन तक पहुंच गई। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि में 89.28 मीट्रिक टन के स्टॉक की तुलना में 36.2 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि दर्शाता है।बयान में कहा गया है, कोयला स्टॉक की यह उच्च स्थिति कोयला मंत्रालय की कोयले की पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उत्पादन, प्रेषण और स्टॉक के स्तर में निरंतर वृद्धि, देश के ऊर्जा सुरक्षा लक्ष्यों का समर्थन करते हुए विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के मंत्रालय के प्रयासों को रेखांकित करती है।

# बालको राम मंदिर और कृष्ण राधा मंदिर में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी का उत्सव



कोरबा। कोरबा जिले के कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर बालको राम मंदिर एवं हाउसिंग बोर्ड स्थित कृष्ण राधा मंदिर में भव्य आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें नगर निगम नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता हितानंद अग्रवाल ने विशेष अनुष्ठान किया। इस दौरान भारी संख्या में भक्तों की भीड़ दिन भर उमड़ी। पूरे आयोजन में भक्तों के बीच अपार उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला। इस विशेष अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों ने क्षेत्र में उत्सव का माहौल रहा।बालको राम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सुबह से ही हो गई थी। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था और चारों ओर कृष्ण भक्ति की गूंज सुनाई दे रही थी। श्रद्धालु सुबह से ही मंदिर पहुंचने लगे थे, जहां भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजा-अर्चना की गई। भगवान कृष्ण के बाल रूप की झांकी सजाई गई, जो मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इस झांकी में भगवान श्रीकृष्ण को झूले में विराजमान किया गया, जिसे देखने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। शाम होते ही मंदिर में भक्तों की संख्या और भी बढ़ गई। हाउसिंग बोर्ड स्थित कृष्ण राधा मंदिर में भी ऐसा ही माहौल देखने को मिला। यहां भी मंदिर को रंग-बिरंगे फूलों और रोशनी से सजाया गया था। कृष्ण जन्माष्टमी के इस खास अवसर पर हवन, भजन-कीर्तन, और रासलीला का आयोजन किया गया, जिसने उपस्थित भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन-कीर्तन के दौरान भक्तगण भगवान श्रीकृष्ण के गीतों पर झूम उठे और उनके प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की। इस अवसर पर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता हितानंद अग्रवाल ने कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी हमारी संस्कृति और धर्म का महत्वपूर्ण पर्व है, जो हमें भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने आयोजन में शामिल सभी भक्तों का धन्यवाद किया और कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता और समरसता का संदेश फैलता है। इस मौके पर मंदिर परिसर में प्रसाद वितरण भी किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, ताकि भक्तगण बिना किसी परेशानी के धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा ले सकें।



# रेत की तस्करी करते दो ट्रेक्टर पकडाए

कोरबा। नदी से रेत खनन कर बिना अनुमति परिवहन करने वाले रेत तस्करो पर कोतवाली पुलिस का डंडा चला है। अवैध तरीके से परिवहन करने वाले दो ट्रैक्टरों को जब्त किया है।

बता दें कि हसदेव नदी सीतामणी से रेत निकालकर ऊंचे दाम पर बेचने का सिलसिला जारी है। रेत तस्कर एक सिंडिकेट बनाकर काम कर रहे है। जिसमे पुलिस और खनिज विभाग की टीम भी शामिल है।

बाउजूद इसके कभी कभी पुलिस नजर टेढ़ी करते कार्रवाई डंडा हांक देती है। इस कड़ी में आज सुबह कोतवाली पुलिस ने रेत लोड दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। पकड़े गए ट्रैक्टर किसी सुभाष और गंगा पूरी गोस्वामी का बताया जा रहा है।

## छात्र पर गिरा पंखा

कोरबा । कोरबा जिले के स्वामी आत्मानंद स्कूल बांकीमोंगरा के सरकारी स्कूल में क्लास रूम में अचानक पंखा गिर गया। पंखा उस समय नीचे गिरा जब स्कुल में बच्चियां पढ़ाई कर रही थी। जिससे पूरे क्लास रूम में हड़कंप मचा गया। जानकारी के अनुसार आत्मानाद स्कूल बांकी मोंगरा क्षेत्र में क्लास 3 की 9 साल की मासूम बच्ची के ऊपर पंखा गिर गया। इस दुर्घटना में उसके आंख और कान के पास चोटें आई, लेकिन वह सुरक्षित है। बच्ची को समय से अस्पताल ले जाया गया। परिवार के लोगों ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग करी है। घटना के पश्चात विद्यालय के अन्य छात्रों से लेकर शिक्षक और परिजन में चिंता की लहर दौड़ गई है। घटना के तुरंत बाद स्कूल प्रशासन ने घायल बच्ची को उचित उपचार और उसकी स्थिति का आंकलन करने के लिए अस्पताल पहुंचाया है।

## महंत ने भिलाई कांग्रेस कार्यकर्ताओ पर पुलिस लाठीचार्ज की करी कड़ी निंदा



कोरबा । छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भिलाई 03 क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस लाठी चार्ज को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्ति की है। प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा हैं कि, मात्र 08 माह की प्रदेश सरकार में लचर कानुन व्यवस्था के चलते सामाजिक समरसता आपसी भाईचारे पर जबरदस्त ठेस लगी है। प्रदेश सरकार अपने राष्ट्रीय एजेंडे फुट डालो-राज करो की नीति पर चल रही है। एक ओर बलौदाबाजार की घटना में जिस तरह समाज को समाज में बाँटने की नाकाम साजिश की गयी और देश के इतिहास में पहली बार कलेक्टर, एसपी कार्यलय फूंक दिए गए सरकार और प्रशासन मूक दर्शक बनी रही।पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सुरक्षा में चूक, फिर उपद्रवियों द्वारा बदसलूकी धक्का-मुक्की, उस पर कोई कार्यवाही न होना प्रदेश सरकार की नियत और कानुन व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है। दोषियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर सरल तरीके से मांग कर रहे हमारे कांग्रेस कार्यकर्ताओ पर अपराधी की तरह बर्ताव दौड़ा-दौड़ा कर पीटा जाना ये कतई बर्दास्त नहीं किया जा सकता। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आगे कहा कि, प्रदेश में लगातार विपक्षीय कार्यकर्ताओ के साथ मारपीट की जा रही है। सरकार का काम प्रदेश में शांति व्यवस्था कायम रखने का है और वे ही इस तरह पेश आ रही है जो उचित नहीं है। प्रदेश सरकार के इस रवैये का हम कडे शब्दों में निंदा करते है।

# केबिनेट मंत्री लखन ने पांच वार्डों को दी 50 लाख की सौगात



कोरबा। प्रदेश के वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कोरबा नगर निगम के पांच वार्डों में कुल 50 लाख के विभिन विकास कार्यों की सौगात दी।वार्ड क्रमांक 23, कपिलेश्वर मंदिर, पंडित रवि शंकर नगर परिसर में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने भूमिपूजन कर शिलापट्टी का अनावरण किया।वॉर्ड क्रमांक 23 पंडित रविशंकर नगर के कृष्णा नगर में जैतखाम के चारों ओर बाउंड्रीवॉल एवम् गेट निर्माण कार्य लागत 5 लाख रुपए व कपिलेश्वर धाम भागवत मंच के पास शेड निर्माणलागत 10 लाख रुपए कुल 15 लाख रुपए के कार्यों के भूमिपूजन किया।इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा की विधानसभा चुनाव में जीतने के बाद जब पहली बार कपिलेश्वर नाथ मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे तब माताएं और बहनों ने शेड निर्माण कराने का आग्रह की थी। तब तत्काल विधायक मद से इसकी स्वीकृति दी गई थी और आज सौभाग्य की बात है की इस बड़े कार्य का कार्य प्रारंभ हो रहा है।मंत्री श्री देवांगन ने कहा की कोरबा नगर निगम के सभी वार्डों में जिला खनिज न्यास मद से 5-5 लाख रुपए की राशि जारी की गई थी, अब सभी कार्यों का टेंडर प्रक्रिया पूरी कर कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री व प्रभारी मंत्री श्री अरूण साव के मार्ग दर्शन में सभी विकास कार्य को स्वीकृति मिल रही है।

# वेदांता एल्युमिनियम कंपनी ने फाबीओ मार्टिन्स को बनाया बिलेट्स का सीईओ



कोरबा । दुनिया के सबसे बड़े एल्युमिनियम उत्पादकों में से एक वेदांता एल्युमिनियम ने फाबियो रॉबर्टो मार्टिंस को बिलेट्स का सीईओ नियुक्त करने की घोषणा की है। अपनी नई भूमिका में फाबियो, एल्युमिनियम बिलेट्स प्रोडक्ट ग्रुप की अगुआई करेंगे, तथा उत्पादन दक्षता को ऑप्टिमाइज़ करके और प्रोडक्ट वैल्यू बढ़ाकर मूल्य सृजन पर ध्यान देंगे। वह कारोबारी गतिविधियों के लिए रणनीति व क्रियान्वयन का दायित्व निभाएंगे तथा इनोवेशन व अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए प्रचालन प्रबंधन देखेंगे। गौरतलब है कि कंपनी अपनी बिलेट्स क्षमता को बढ़ाकर 12 लाख टन प्रति वर्ष तक पहुंचाने पर काम कर रही है, जिसके बाद यह दुनिया की सबसे बड़ी बिलेट्स उत्पादक बन जाएगी।

फाबियो को एल्कोआ में 26 वर्षों से अधिक का गहन अनुभव है जहां उन्होंने विविध पदों पर नेतृत्व दिया, हाल में वह बतौर प्रचालन निदेशक सेवाएं दे रहे थे। प्रचालन प्रबंधन व रणनीतिक योजना में उनका अनुभव एवं विशेषज्ञता वेदांता एल्युमिनियम की बिलेट्स उत्पाद श्रेणी के संवर्धन में बेहद अहम साबित होंगे। इस नियुक्ति पर वेदांता एल्युमिनियम के सीईओ जॉन स्लेवन ने कहा हैं की बाजार की विकसित होती मांगों को पूरा करने के लिए वेदांता अपने मूल्य-संवर्धित उत्पादों के पोर्टफोलियो का निरंतर विस्तार कर रही है। हम भारत के सबसे बड़े बिलेट्स उत्पादक व निर्यातक हैं। अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए फाबियो का अपने नेतृत्व दल में स्वागत करते हुए, हम बहुत खुश हैं। अपने बिलेट्स उद्योग में हम इनोवेशन और उत्कृष्टता को जारी रखे हुए हैं, ऐसे में एल्युमिनियम उद्योग में फाबियो का व्यापक वैश्विक अनुभव और बेहतरीन ट्रैक रिकॉर्ड अनमोल सिद्ध होगा। वह हमारे संगठन में जो रणनीतिक ज्ञान और प्रचालन विशेषज्ञता लेकर आएंगे उसके लिए हम बहुत उत्साहित हैं।अपनी नियुक्ति पर वेदांता एल्युमिनियम के सीईओ-बिलेट्स फाबियो मार्टिंस ने कहा की बिलेट्स के लिए प्रोडक्ट ग्रुप रणनीति, प्रचालन प्रदर्शन और वाणिज्यिक निष्पादन का नेतृत्व करने को लेकर मैं बहुत उत्साहित हूं। वेदांता एल्युमिनियम अभूतपूर्व विकास पथ पर अग्रसर है और मैं इसमें हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं। मेरा लक्ष्य है सस्टेनेबिलिटी को प्रोत्साहित करते हुए, वृद्धि एवं नवाचार को आगे बढ़ाना। एल्युमिनियम बिलेट्स ठोस, बेलनाकार आकार का एल्युमिनियम होता है, जिसे कास्टिंग नामक प्रक्रिया से बनाया जाता है और यह विभिन्न विनिर्माण प्रक्रियाओं में कच्चे माल के तौर पर प्रयुक्त होता है। कंपनी के लिए बिलेट्स प्रोडक्ट ग्रुप रणनीतिक महत्व का है, कंपनी के पास 580 किलो टन सालाना बिलेट कास्टिंग क्षमता है, इस उत्पादन के बल पर वेदांता एल्युमिनियम शीर्ष क्वालिटी के एल्युमिनियम बिलेट्स बनाने व निर्यात करने वाली भारत की सबसे बड़ी कंपनी है। कंपनी का उच्च-क्वालिटी बिलेट्स का विविधता युक्त पोर्टफोलियो ऑटोमोटिव, बिल्डिंग, कंस्ट्रक्शन, ऊर्जा तथा विभिन्न उद्योगों में डाउनस्ट्रीम मैन्युफैक्चरर्स एवं ऐक्सट्रूडर्स को सहयोग देता है। कंपनी हाई-स्पीड बिलेट्स का विनिर्माण भी करती है। ये बिलेट्स ऐक्सट्रूडेड प्रोफाइल की मजबूती से समझौत किए बगैर असाधारण ऐक्सट्रूज़न स्पीड दर्शाते हैं, इसका श्रेय उत्कृष्ट मेटालर्जिकल प्रॉपर्टीज़ को जाता है, जो कड़े प्रोसेस कंट्रोल एवं ऑप्टिमाइज़्ड कैमिस्ट्री से मुमकिन हुई हैं। वेदांता लिमिटेड की इकाई वेदांता एल्युमिनियम भारत की सबसे बड़ी एल्युमिनियम उत्पादक है।

वित्तीय वर्ष 24 में 23.7 लाख टन उत्पादन के साथ कंपनी ने भारत के कुल एल्युमिनियम का आधे से ज्यादा हिस्सा उत्पादित किया। यह मूल्य संवर्धित एल्युमिनियम उत्पादों के मामले में अग्रणी है जिनका उपयोग कई अहम उद्योगों में किया जाता है। वेदांता एल्युमिनियम को एल्युमिनियम उद्योग में एस एंड पी ग्लोबल कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2023 में पहली वैश्विक रैंकिंग मिली है, यह उपलब्धि कंपनी की सस्टेनेबल विकास प्रक्रियाओं को प्रतिबिम्बित करती है। भारत में अपने विश्वस्तरीय एल्युमिनियम स्मेल्टर्स और एल्युमिना रिफाइनरी के साथ कंपनी हरित भविष्य के लिए विभिन्न कार्यों में एल्युमिनियम के प्रयोग को बढ़ावा देने और इसे 'भविष्य की धातु' के रूप में पेश करने के अपने मिशन में लगातार आगे बढ़ रही है।

## अगले माह लगेगी नेशनल लोक अदालत

कोरबा । सितम्बर 2024 को आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय कोरबा एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली एवं समस्त राजस्व न्यायालयों में लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। माननीय सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा बैंक, नगर पालिक निगम कोरबा, दूरसंचार विभाग एवं अन्य वित्तीय संस्थान के शाखा प्रबंधक की बैठक ए.डी.आर. भवन कोरबा में ली गई।माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष के द्वारा सभी बैंकों को प्रीलिटिगेशन के प्रकरण को अधिक से अधिक संख्या में लगाये जाने तथा प्रीलिटिंगेशन प्रकरण में मिलने वाले छूट की जानकारी पक्षकार गण को दिये जाने हेतु कहा गया जिससे नेशनल लोक अदालत में राजीनामा होने वाले प्रीलिटिगेशन प्रकरण के छूट का लाभ मिले और अधिक से अधिक प्रकरण का निराकरण किया जा सकें।उक्त बैठक में लीड बैंक के शाखा प्रबंधक, नरोत्तम सिंह ठाकुर, एल.डी.एम., नरोत्तम सिंह ठाकुर, मनका मुर्म, प्रबंधक, केनरा बैंक, श्री अम्बरिश कुमार पाठक, ग्रामीण बैंक कोरबा जेस्टिन टी., बैंक, आफ बड़ौदा कोरबा, श्री विनोद एक्का, पी.एन.बी. कोरबा, विनायक बेटारे, छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक बस स्टेण्ड कोरबा, अभिनव प्रताप सिंह, नगर पालिक निगम कोरबा, प्रनव कुमार निराला, आई.डी.बी.आई कोरबा, निलेश अग्रवाल, दूरसंचार विभाग कोरबा, आशीष टोप्पो, अनिल कुमार अग्रवाल, रोशन सिंह, सेन्ट्रल बैंक कोरबा, प्रशांत पीटर होरो, यूको बैंक कोरबा, राहुल यादव, इंडियन बैंक कोरबा, तरूण कुमार, यूनियन बैंक निहारिका कोरबा एवं कल्पना तिवारी इंडियन ओवरसीज बैंक कोरबा उपस्थित हुए।

## विधायक बैठे सात दिनों से धरने पर

कोरबा। विधायक के धरना प्रदर्शन में बैठने के बाद भी अब तक जिला प्रशासन से कोई भी अधिकारी नहीं आए हैं मिलने पालीतानाखार के विधायक तुलेश्वर मरकाम पाली मुख्य मार्ग स्थित शिव मंदिर के पास बैठे हुए हैं धरना प्रदर्शन पर सरपंचों के खिलाफ हुए फिर और रिकवरी के विरोध में कर रहे हैं प्रदर्शन कहा और भी दोषियों पर होनी चाहिए ,

# जन्माष्टमी पर दही हांडी फोड़ने युवाओं और बच्चों में दिखा उत्साह



**सक्ती।** नगर के महामाया मंदिर के पास युवाओं ने जन्माष्टमी पर्व पर भव्य आयोजन किया। मोहल्लेवासियों के सहयोग से जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विविध आयोजन हुए। इस अवसर पर आयोजित विविध कार्यक्रमों में न केवल इस त्यौहार के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को प्रकट किया, बल्कि बच्चों और माताओं की उत्कृष्ट प्रतिभाओं को भी मंच प्रदान किया। यह जानकारी वार्ड के पार्षद गजाधर यादव(नान्हू भाँचा) ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा की गई भावपूर्ण प्रार्थना से हुई, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक उर्जा से भर दिया। पुजारी शिवदत्त पाण्डेय द्वारा पूजा अर्चना की गई। मधुर भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के जन्म पर आधारित एक आकर्षक नाटिका का मंचन किया, जिसमें करुणा, प्रेम और बुराई पर अच्छाई की जीत जैसे शाश्वत मूल्यों को दर्शाया गया। इस नाटिका को और भी जीवंत बनाने के लिए छात्रों ने कृष्ण लीला पर आधारित एक नृत्य भी प्रस्तुत किया, जिसमें वे रंग-बिरंगे परिधानों में सजे हुए थे।

गजाधर ने बताया कि इस उत्सव को और भी विशेष बनाने के लिए मोहल्ले की बच्चों के लिए विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर का विशेष आकर्षण 'दही हांडी' का आयोजन रहा, जिसमें बच्चों और युवाओं ने पारंपरिक उत्साह के साथ अपनी फुर्ती और टीम भावना का परिचय दिया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में पुजारी शिव दत्त पाण्डेय, विजय ठाकुर, गजराज सिदार, गुरुदेव यादव, शुभम, सूरज यादव, पिंकी यादव, लोकेश देवांगन, शंकर देवांगन, दीपक देवांगन, कल्लू बरेठ, बिहानू यादव, रिंकू देवांगन, जीतू प्रधान, शिव शंकर यादव, सुशील यादव, भोले यादव, छोटा सोनी, रवि सोनी, नीरज यादव, चेतन, बॉबी यादव, रूपेश यादव, गजराज सिदार, मनु देवांगन, धर्मेंद्र देवांगन, अनिल, गोपी यादव, मुकेश देवांगन, राजेंद्र यादव, भुवनेश्वर यादव, दीपक यादव, बिट्टू, कान्हा देवांगन, शनि यादव सहित काफी संख्या में युवा मौजूद रहे और सभी का सराहनीय योगदान रहा।

# जनपद सीईओ की मनमानी, बंगले से संचालित हो रहा है जनपद कार्यालय

**अकलतरा।** जनपद कार्यालय अकलता सीईओ द्वारा मनमानी किया जा रहा है। जनपद पंचायत में वर्तमान समय में जिस तरह की परिस्थितियों निर्मित हुई है, शायद ही पहले ऐसा हुआ होगा। जनपद पंचायत दफ्तर कभी-कभार मन किया तो पहुंच जाते है। बाकी दिन अपने बंगले में ही दफ्तर का संचालन किया जाता है। इसके लिए बकायदा एक कंप्यूटर को बंगले में बुलाया जाता है। साथ ही किसी भी व्यक्ति का फोन नहीं उठाया जाता है। सीईओ की कार्यप्रणाली से क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। साथ ही फरियादी इधर दफ्तर में भटकते रहते हैं।

ज्ञात हो कि जनपद पंचायत अकलतरा में जब से जनपद सीईओ आए है। अपनी मनमानी को लेकर आए दिन चर्चित रहते है। सरपंचों ने बताया कि जब से सीईओ हिमांशु गुप्ता जनपद में आए है। तब से जनहित के कार्य प्रभावित रहे है। सीईओ हिमांशु गुप्ता द्वारा विगत कई माह से अपने कार्यालय को छोड़कर कर जनपद के पीछे स्थित शासकीय आवास से ही कार्यालय चलाया रहा कंप्यूटर ऑपरेट का जपं सीईओ के क्वार्टर में बना चेम्बर।

**कभी-कभार 12 बजे के बाद ही पहुंचते हैं दफ्तर**

सभी शासकीय विभागों में अधिकारियों-कर्मचारियों के आने का समय 10.30 बजे निर्धारित किया गया है,। साथ ही कलेक्टर द्वारा इसी दौरान राष्ट्रगान करने का आदेश दिया गया है। लेकिन जनपद पंचायत में कभी भी राष्ट्रगान में सीईओ शामिल नहीं होते है। सीईओ बिलासपुर से आराम फरमाते हुए 12 बजे अकलतरा पहुंचते है। इसके पूर्व जन्मदिन अपने शासकीय केबिन में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद भी मनाया गया था। इन सब से विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर जनहित के कार्य भी प्रभावित होकर ठप पड़े है। इस बात से जनपद सीईओ को किसी मतलब नहीं है।

सीईओ अपने कार्यालय में आना ही बंद कर दिए है। इतना ही नहीं जनपद कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर को अपने घर में बुलाकर सुबह से शाम तक बैठाए रखते हैं। जनपद पंचायत सीईओ कार्यालय में नहीं बैठकर घर में बैठकर ऑफिस का काम करते हैं। घर जाने पर जनपद पंचायत कार्यालय एवं मनरेगा शाखा में पदस्थ महिला स्टाफ को परेशानियों का सामना करने के साथ- साथ शर्मसार भी होना पड़ता है। सीईओ के मनमानी से क्षेत्र के लोगो में काफी रोष है। दुर-दराज से समस्या लेकर आए ग्रामीण बिना सीईओ मिले ही वापस जाना पड़ता है। जनपद पंचायत क्षेत्र के सरपंचों ने बताया कि अकलतरा जनपद पंचायत में जमकर कमीशनखोरी चल रही है। शासन द्वारा दिए गए डीएमएफ मद को ठेकेदारों को 25 से 30 प्रतिशत कमीशन में काम दिया जा रहा है।

इससे सरपंचों में काफी नाराज़गी है और अब ये नाराजगी धीरे-धीरे विरोध पैदा कर रहा है। जनपद में हर काम का कमीशन फिक्स है, बिना कमीशन काम संभव नहीं है। कमीशन नहीं दिए जाने की स्थिति में अधिकारियों द्वारा संबंधित कार्यों में कमी निकाली जाने लगती है और यदि कमीशन मिल जाए तो सब सही है।

इसकी जानकारी नही अगर बंगले में ऑफिस का संचालन किया जा रहा है तो गलत है। जांच के बाद संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।

गोकुल रावटे, जिला पंचायत सीईओ

## पुलिस ने महिला के खोए हुए 25 हजार वापस दिलाए

**सक्ती।** डेढ माह पहले तुर्री निवासी जानकी यादव ने अपने परिवार वालों के साथ विभिन्न त्योहारों में नारियल बेचकर पैसे बैंक में जमा कराया था। इस दौरान महिला बैंक से 25 हजार रुपए निकालकर कुछ खरीदारी करने जा रहे थी, तभी रास्ते में उसका पैसा गिर गया। पुलिस थाना सक्ती में सूचना दिए जाने पर एसपी अंकिता शर्मा ने कई सीसीटीवी फुटेज को देखा। फुटेज के आधार पर रकम पाने वाले की पहचान की गई। मंगलवार को थाना सक्ती में मालखरौदा की इंदु तिर्की पति शैलेंद्र तिर्की ने जानकी यादव के गुम हुए पैसे को वापसर्किया।

## डायरिया ने बढ़ा दी लोगों की परेशानी डेढ दर्जन से अधिक प्रभावित

**जांजगीर-चांपा।** डायरिया ने लोगो की दिक्कते बढ़ा दी है। चंगोरी एवं उदेबंद को मिलाकर डेढ दर्जन से अधिक लोग प्रभावित है। खासबात यह है कि लगातार मामला सामने आने के बाद भी स्वास्थय विभाग डायरिया को लेकर लोगो को जागरूक नहीं कर पा रहा है।

गौरतलब है कि इन दिनो बरसात का मौसम चल रहा है। वही पानी निकासी की समस्या एवं घरो से निकले गंदा पानी बरसात के दिनो मे हैडपंप एवं अन्य माध्यमो से लोगो के घरो तक पहुंच जा रहा है। वहीं दूषित जल एवं बासी भोजन करने से लोग बीमार पड रहे है। जिसके चलते डायरिया फैल रहा है। सोमवार 26 अगस्त को जांजगीर चाम्पा जिले में डायरिया से प्रभावित डेढ दर्जन से अधिक मामले सामने आए है। अकलतरा विकासखंड विभाग से जुडा अमला हरकत मे %आ गया। वही मरीजो का हालचाल जानने के लिए चंगोरी पहुंचे। इनमे %से मरीजो को उपचार के लिए शासकीय एवं निजी अस्पतालो मे %भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि डायरिया दुषित पानी पीने के वजह से हुई है। इसी प्रकार बलौदा विकासखंड के अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत उदेबंध में भी डायरिया के चलते 8 से अधिक लोग प्रभावित है। बताया जाता है कि बासी भोजन करने के दौरान लोगो को उल्टी होने लगी। इसके बाद इसकी जानकारी स्वास्थय विभाग के अफसरो को दी गई। फिर टीम गांव पहुंची एवं डायरिया को लेकर जांच पडताल में जुट गई। वही प्रभावित लोगो को उपचार के लिए अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत चंगोरी में डायरिया से प्रभावित 10 मरीज पाए गए है। इधर डायरिया का मामला सामने आते ही स्वास्थय चाम्पा के निजी एवं सरकारी अस्पतालो में भर्ती कराया गया है। इन दिनो बरसात का मौसम चल रहा है। वही लोगो को अपने स्वास्थय को लेकर जागरूक रहने की सलाह भी स्वास्थय विभाग के द्वारा दी जाति है। ज्यादातर देखा जाए तो डायरिया बरसात के मौसम में ही ज्यादा आता है।

चंगोरी में डायरिया के मरीज सामने आए है। जानकारी मिलने पर विभाग की टीम पहुंची एवं मरीजो को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहा उनका इलाज किया जा रहा है।

-डा. महेन्द्र सोनी बीएमओ, अकलतरा

## महिला से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी को भेजा जेल

**मालखरौदा।** महिला की छेड़खानी करने की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बतायाकि मालखरौदा थाना में महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके अनुसार वह दोपहर 2.30 बजे अपने पति को फोन करने पड़ोस के युवक सुरेश कुमार सारथी के घर गई तो सुरेश कुमार सारथी 35 वर्ष ने उससे गलत हरकत करने लगा। महिला किसी तरह वहां से बचकर निकली और आरोपी सुरेश कुमार सारथी के खिलाफ थाने में शिकायत की। उसकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया।

## नहरिया बाबा मंदिर में हुई चोरी का नहीं लगा सुराग

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय के नहरिया बाबा मंदिर में लाखों रुपए की चोरी के तीन दिनों के बाद भी आज भी सुराग नहीं लग पाया है। वहीं पुलिस का कहना है कि संदेहियों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।



ज्ञात हो कि नहरिया बाबा मंदिर में शनिवार-दरमियानी रात को अज्ञात चोरों ने तीन दान पेटी को पार कर दिया था। मंदिर के पुजारी ने बताया कि चोरों का दृश्य सीटीवी फुटेज में कैद हो गया है। पुलिस मामले में जानकारी जुटा रही है वहीं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू की गई है। कोतवाली थाना प्रभारी व नैला चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों से पूछताछ कर सीसीटीवी का फुटेज खंगाल रही हैं। पुलिस के अनुसार वीडियो में तीन युवक चोरी करते दिख रहे हैं। मंदिर परिसर के पीछे बने भवन के दरवाजे से दो लोग भवन में प्रवेश किए फिर एक मंदिर परिसर के अंदर से प्रवेश कर ताला को तोड़कर तीन दान पेटी को लेकर फरार हो गए। वहीं पुजारी के मोबाइल को भी ले गए। बताया

वहीं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू की गई है। इसके बाद भी 3 दिनों तक आरोपियों का कही कोई सुराग नहीं लग पा रहा है। सीसी टीवी फुटेज पर आरोपियों के चेहरे दिखने पर भी पुलिस के हाथ खाली है। जा रहा है कि तीनो चोर अपने चेहरे में कपड़ा बांधे हुए थे। चोरों का बीडियो सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया है, चोर कैमरा को भी ढकने की कोशिश करते दिख रहे हैं। मंदिर प्रबंधन द्वारा दान पेटी रखी जगह में सीसीटीवी नहीं लगाया गया था। मंदिर समिति के सदस्यों के अनुसार डेढ़ से 2 दान पेटी में लगभग 2 लाख 50 हजार रुपए रहा होगा। मंदिर प्रबंधन द्वारा दान पेटी रखी जगह में सीसीटीवी नहीं लगाया गया था। मंदिर समिति के सदस्यों के अनुसार दान पेटी में लगभग डेढ़ से 2 लाख रुपए रहा होगा। पुलिस मामले में लोगों व समिति के सदस्यों से पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है।

जांजगीर स्थित नहरिया बाबा मंदिर में हुए चोरी की घटना को लेकर संदेहियों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस गिरफ्त में होगे।

-प्रवीण द्विवेदी
थाना प्रभारी जांजगीर

## अंतर विद्यालयीन फुटबॉल टूर्नामेंट में डीपीएस ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**चांपा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में 22 अगस्त को सहोदय के तत्वावधान में अंतर विद्यालयीन फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल, गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल - जांजगीर, हसदेव पब्लिक स्कूल तथा अघोर विद्यापीठ पौड़ी दल्हा अकलतरा और दिल्ली पब्लिक स्कूल की टीमों ने बढ़ चढ़कर भाग

लिया। इस अवसर पर 13 वीं बटालियन मड़वारानी जिला कोरबा के असिस्टेंट कमांडेंट श्रीराम सागर गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दिल्ली पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान पर हसदेव पब्लिक स्कूल चांपा तथा तृतीय स्थान पर गुरुकुल इंटरनेशनल की टीम रही। मुख्य अतिथि राम सागर गुप्ता के हाथों स्मृतिचिन्ह, मेडल तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के साथ ही विनर ट्रॉफी और रनरअप ट्रॉफी प्रदान की गई।

प्रतियोगिता में मैच रेफरी के रूप में सागर राठौर और श्री राठौर का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे श्रीराम सागर गुप्ता ने भी कहा कि यह सराहनीय प्रयास है कि विद्यार्थियों को इस प्रकार का मंच दिया जा रहा है, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने में सक्षम हैं, बल्कि वे दूसरे विद्यार्थियों से भी सीख सकते हैं। दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रतिभावान खिलाड़ी भावेश अहीर कक्षा बारहवीं को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट पुरस्कार से नवाजा गया, जिन्होंने आठ गोल कर प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह, शॉल एवं श्रीफल प्रदान करने के साथ साथ पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की ओर से स्मृति चिन्ह के रूप में एक बालवृक्ष प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन एल.एन मिश्रा तथा लोकेश गाबा ने किया। खेल का आयोजन अध्यक्ष दीपक बर्थवाल, प्रिंस, राज सिंह तथा दिव्या कश्यप के मार्गदर्शन में हुआ।

## इंजीनियरिंग डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश के लिए 31 अगस्त तक होगी काउंसलिंग

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ राज्य की पॉलीटेक्निक संस्थाओं के सत्र 2024-25 में इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग की पंजीयन प्रक्रिया शुरू हो रही है। पंजीयन प्रक्रिया का द्वितीय चरण 31 अगस्त तक होगा। ऑनलाइन काउंसलिंग का पंजीयन, संस्था व पाठ्यक्रम के आवंटन आदि का अवलोकन वेबसाइट सीजी डीटीई रायपुर डॉट सीजी स्टेट डॉट जीओवी डॉट इन www.cgdteraipur.cgstate.gov.in पर किया जा सकता है।

## हाथी को वापस भेजने की सभी कोशिश हुई नाकाम, बलौदा के पास जंगल में डेरा

**बलौदा।** बलौदा क्षेत्र के खिसोरा के जंगल में पिछले 18 दिनों से कोरबा के जंगल से एक हाथी अपने दल से बिछड़कर आया है। पहले तो वह खिसोरा के जंगल में ज्यादा उत्पात नहीं मचा रहा था मगर सोमवार को हाथी खिसोरा से नवापारा की ओर चला गया ।

वहां उसने कुचलकर एक गाय की जान ले ली और गांव की एक बाड़ी में केले की पौधों को भी नुकसान पहुंचाया। वन विभाग ने कुमकी हाथी की मदद ली फिर जेसीबी से जंगल में रास्ता बनाया। पटाखे फोड़े, रात में मशाल जलाए मगर उसका असर नहीं हुआ और हाथी वहीं जमा हुआ है।

कोरबा जिले में दो महिलाओं की जान लेने के बाद हाथी ने बलौदा क्षेत्र के जंगल में डेरा डाल दिया है। उसे वापस जंगल में भेजने के लिए वन विभाग ने कई तरीका आजमाया मगर हाथी को वापस कोरबा जिले के जंगल में भेजने सफल नहीं हुए। पहले वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने हाथी को वापस भेजने का प्रयास किया।



उसके बाद बिलासपुर से कुमकी हाथी लाया गया मगर वह भी हाथी को जंगल से निकालने में असफल रहा। इसमें भी सफलता नहीं मिली तब अंबिकापुर से हाथी मित्र दल को बुलाया गया। उनके द्वारा भी पटाखे फोड़कर और टार्च जलाकर हाथी को जंगल से बाहर निकालने का प्रयास किया गया मगर सफलता नहीं मिली।



## यादव समाज के भवन से निकली शोभायात्रा

**अकलतरा।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर सर्व यादव समाज अकलतरा ने यादव समाज भवन से भव्य शोभायात्रा निकाली। यात्रा आजाद चौक, पोस्ट ऑफिस मार्ग, शास्त्री चौक, सब्जी मार्केट चौक, भगवान परशुराम मार्ग, रेलवे स्टेशन मार्ग, मस्जिद रोड बजरंग चौक होते वापस यादव भवन पहुंची। आयोजन में समाज के वरिष्ठजन, पुरुष-महिला, युवक और युवतियां बड़ी संख्या में शामिल हुईं। भगवान श्री कृष्ण की जय हो के नारे से नगर गूंज उठा। सर्व यादव समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह, लक्ष्मण मुकीम और बिहारी लाल ताम्रकार द्वारा भगवान श्री कृष्ण और राधा की पूजा-अर्चना करने के साथ-साथ प्रसाद ग्रहण किया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर यादव समाज द्वारा यादव समाज के भवन के सामने खीर, पुड़ी और चने का वितरण किया। इस अवसर पर भोको यादव, सरजू यादव, लखनलाल यादव, लक्ष्मीकांत यादव, धनीराम यादव, संदीप यादव, नंद यादव, अमित यादव, संजय यादव, सुरेश यादव, भागवत यादव, जगत यादव, पवन यादव, उमेश यादव, छोटे यादव, टेकराम यादव, सुरेश यादव, लक्ष्मी यादव, दशरथ यादव, कुश यादव, मोना यादव, संजू यादव, जयगोपाल यादव, सुंदर यादव, फिंरगी यादव, कन्हैया यादव, जगेश्वर यादव, आकाश यादव, विजय यादव, रोशन यादव, आकाश यादव, शांति यादव, पुष्पा यादव, निकिता यादव, जमुना यादव, सवित्री यादव, राजकुमारी यादव व यादव समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय पोषण माह में होगी विभिन्न गतिविधियां

**सक्ती।** जिले में 1 सितंबर से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह 2024 अंतर्गत कार्ययोजना तैयार कर विभिन्न गतिविधियां आयोजित होगी। कलेक्टर ने जिले में जिला, विकासखंड, ग्राम स्तर व प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र स्तर पर राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के व्यवस्थित आयोजन के लिए विभिन्न संबंधित विभागों के मैदानी अमले के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए व्यवस्थित आयोजन कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुख को अनुकम्पा नियुक्ति के रिक्त पदों की जानकारी उपलब्ध कराने व लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में बाढ़ के स्थितियों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को लगातार जल स्तर पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए है।

## एग्रीस्टेक परियोजना में छात्र करेंगे फसल का डिजिटल सर्वे

**जांजगीर।** एग्रीस्टेक परियोजना में 10 वीं और 12 वीं के छात्र खरीफ फसल का डिजिटल सर्वे करेंगे। यह सर्वे सभी जिलों में होगा। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चयनित धमतरी, महासमुंद और कबीरधाम जिले के सभी गांवों और राज्य अन्य जिलों के चयनित गांवों में डिजिटल फसल सर्वेक्षण होगा। डिजिटल फसल सर्वेक्षण 9 सितम्बर से शुरू होकर 30 सितम्बर तक चलेगा।

सर्वे करने के लिए हर गांव में अधिकतम 20 सर्वेक्षणकर्ताओं का चयन किया जाएगा। सर्वेक्षण कर्ताओं का चयन पटवारी के माध्यम से तहसीलदार करेंगे। डिजिटल फसल सर्वेक्षण करने के लिए प्रत्येक सर्वेक्षण कर्ता महिला या पुरुष को न्यूनतम 10वीं पास होना जरूरी है। प्राथमिकता का क्रम क्रमशः कृषि स्नातक, विज्ञान स्नातक, विज्ञान से 12 वीं पास, 12 वीं पास, 10 वीं पास होगा। चयनित सर्वेक्षणकर्ताओं का प्रशिक्षण 7 सितम्बर तक दिया जाएगा। इसके लिए सर्वेक्षणकर्ताओं के पास स्वयं का एंड्रायड मोबाईल, इंटरनेट, बैंक खाता और आधार नंबर होना जरूरी हैं।

प्रशिक्षण देकर सर्वे करने भेजेंगे प्रशिक्षण तहसील अंतर्गत राजस्व निरीक्षक मण्डल स्तर पर दिया जाएगा। सर्वेक्षण कर्ताओं में परिवर्तन होने पर नए सर्वेक्षण कर्ताओं को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। हर दिन सर्वे करने के लिए खसरों का आबंटन तहसीलदार या तहसीलदार द्वारा अधिकृत अधिकारी या कर्मचारी करेंगे।

सर्वेक्षणकर्ता को प्रति खसरा 10 रुपए प्रत्येक सर्वेक्षण कर्ता को प्रत्येक सर्वे के लिए एप के माध्यम से सही सर्वेक्षण, अपलोड करने तथा स्वीकृत हो जाने की दशा में 10 रुपए प्रति खसरा मानदेय आधार-संबद्ध बैंक खातों के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।

## एक पेड़ मां के नामः बच्चों ने पौधे लगाए, कहा-देखभाल भी करेंगे

**सक्ती।** पर्यावरण के महत्व समझते हुए बच्चे भी पौधरोपण पर ध्यान दे रहे हैं। जिंदल वर्ल्ड स्कूल के पांचवीं के छात्रों ने मिलकर नगर के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया। पांचवीं की छात्रा एंजेल जैसवानी अपने कक्षा के मित्र प्रसिद्धि शर्मा, अयांश साहू और युवांश अग्रवाल के साथ मिलकर नगर के विभिन्न स्थानों पर सुगंधित और सुंदर फूलों के पौधे लगाए हैं।

## रमेश धामेचा का निधन

**चांपा।** स्थानीय सिंधी समाज के वरिष्ठ नागरिक एवं प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसायी रमेश धामेचा का मंगलवार 27 अगस्त की सुबह 7 बजे रायपुर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे 70 वर्ष के थे। स्व. धामेचा अपने पीछे एक पुत्र एवं एक पुत्री का परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार शाम 5 बजे मवेशी बाजार स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं समेत गणमान्य नागरिक मौजूद थे।


**कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी**
**न्यू ईरा प्रोग्रसिव स्कूल के पास, रामपुर, कोरबा (छ.ग.)**

Email id- korbarto@gmail.com
phone no 07759-226640

क्रमांक/446/जि.पं.अ./24 कोरबा, दिनांक 08.08.2024

**// प्रेस विज्ञप्ति//**

वाहन क्रमांक CG12AR1154 (HGV) के पंजीकृत वाहन स्वामी Smt. ANJOO DEVI MISHRA PLOT NO 168 T.P. NAGAR KORBA W.NO. 09 KORBA DIST- KORBA (C.G.) है। उक्त वाहन को वित पोषक TATA MOTORS FINANCE LIMITED कोरबा द्वारा दिनांक 12/06/2024 को कार्यालय के समक्ष मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 51 के अंतर्गत वाहन को अपने कब्जे में लेकर अपने नाम अंतरण दर्ज करने हेतु फार्म 36 में इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त वाहन को वित्त पोषक के नाम में अंतरण करने के संबंध में पंजीकृत वाहन स्वामी को कार्यालयीन पत्र कमांक 265/ जि.प.अ./2024 दिनांक 20/06/2024 को फार्म 37 में डाक के माध्यम से सूचना जारी की गई, जो मूलतः वापस आ गया जिसकी पावती संलग्न है एवं पुनः कार्यालयीन पत्र कमांक 357/जि.प.अ./2024 दिनांक 29/07/2024 को फार्म 37 में डाक के माध्यम से सूचना जारी की गई जिसकी पावती संलग्न है। वाहन स्वामी अथवा अन्य किसी हितबद्ध पक्षकार को दावा-आपत्ति करनी हो तो दिनांक 22/08/2024 तक कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी कोरबा में कर सकते हैं। दावा-आपत्ति नहीं आने की स्थिति में एकपक्षीय अंतरण की कार्यवाही की जायेगी।

**जिला परिवहन अधिकारी**
**कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा**
**जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

20240805060001
रा.प्र.क्र./ब-121/2023 24
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं. 16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण अशोक कुमार सिंह पिता बाबू राम सिंह वगैरह जाति राजपूत निवासी एलआईजी-273 महाराणा प्रताप नगर कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16 में ख.नं. 235/1 स्थित है। जिसमें भूखण्ड/भवन क्र. एलआईजी-273 क्षेत्रफल 72.00 वर्गमीटर को नगर पालिक निगम द्वारा 30 वर्ष की लीज पर दिया गया था। नगर पालिक निगम के द्वारा पंजीकृत हस्तांतरण विलेख दिनांक 01/09/2023 के माध्यम से उक्त भूखण्ड/भवन क्र. एलआईजी-273 क्षेत्रफल 72.00 वर्गमीटर को आवेदकगण के नाम पर हस्तांतरण किये जाने से अपने नाम पर कैफियत कॉलम में दर्ज किये जाने बाबत् इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 20/9/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील

**तहसीलदार**
**कोरबा (छ.ग.)**

प्रारूप-02

**कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा, जिला-कोरबा**

क्रमांक/1421/ख.चि.अ./जी.दी.समि/एच.आर. कटघोरा, दिनांक 27.08.2024

**-:जीवनदीप समिति अंतर्गत वाहन चालक ( अस्थाई पद ) हेतु विज्ञापन सूचना:-**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा का सूचना पत्र क्रमांक/डी.एम.एफ./2024/8645 कोरबा दिनांक 13.08.2024 द्वारा जारी जीवनदीप समिति के माध्यम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.) को संसद मद से प्राप्त एम्बुलेंस हेतु अनुभवी वाहन चालक (अस्थाई पद) हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जाती है। उपरोक्त विज्ञापन का विवरण कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी कटघोरा के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

01. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30.08.2024 सायं 04:00 बजे।
02. आवेदन खोलने की तिथि 30.08.2024 को सायं 05:00 बजे।

**खण्ड चिकित्सा अधिकारी**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा**

## अनमोल वचन......

**कर्मों को प्राथमिकता देने वाले हर नर का जग में सत्कार होता है।**

## पुराना तरीका अब नहीं चल पा रहा

बतौर प्रधानमंत्री तीसरे कार्यकाल में यह धारणा टूट गई है कि नरेंद्र मोदी दृढ़ संकल्प वाले नेता हैं और वे किसी फैसले को वापस नहीं लेते हैं। इस कार्यकाल में सामने यह आया है कि सरकार चलती रहे, इस तकाजे के कारण वे किसी अन्य नेता की तरह ही व्यवहार करते हैं। इसका ताजा उदाहरण उच्च नौकरशाही में लेटरल एंट्री से संबंधित विज्ञापन को वापस लेने का प्रकरण है। इसके पहले वक्फ़ बोर्ड विधेयक, पूंजीगत लाभ टैक्स में बढ़ोतरी, और कथित सेकुलर कानून लाने का इरादा जताने के बाद एनडीए समन्वय समिति की बैठक बुलाने की तत्परता से ये रुझान जाहिर हुआ है। पिछले चार जून को आए चुनाव नतीजों के बाद भाजपा नेतृत्व ने अपनी ताकत निरंतरता की धारणा बनाने में झोंकी। मगर सिर्फ ढाई महीनों में जाहिर हो गया है कि नए बने संसदीय समीकरण के बीच फैसलों को स्ट्रीमरोल करने का पुराना तरीका अब नहीं चल पा रहा है। लोकतांत्रिक नजरिए से इसे सकारात्मक घटनाक्रम कहा जाएगा। बहरहाल, यह लेटरल एंट्री के मुद्दे पर सरकार को सियासी झटका भले लगा हो, लेकिन इससे इस नीति में कोई बदलाव नहीं होने जा रहा है। दरअसल, इसके जरिए 45 पदों की भर्ती के लिए निकले विज्ञापन का विरोध करने वाले विपक्षी दलों को नीतिगत रूप से भर्ती के इस तरीके पर कोई एतराज रहा भी नहीं है। कुशलता और प्रतिभा से संबंधित तर्कों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में कोई मतभेद नहीं है। जबकि इन्हीं तर्कों से नीति निर्माण की सारी प्रक्रिया कॉरपोरेट सेक्टर के हाथ में दे दी गई है। गौरतलब है कि विपक्ष ने जारी विज्ञापन में आरक्षण ना होने का भावनात्मक मुद्दा उछाला। भारत में गुजरे तीन दशकों सारी सियासी बहस और गोलबंदी जातीय या सांप्रदायिक मुद्दों के इर्द-गिर्द सिमटी हुई है। इन दोनों तरह के मुद्दों पर राजनीतिक ध्रुवीकरण होने की संभावना लगातार बनी रहती है। इसे समझते हुए ही केंद्र ने अपने कदम में सुधार का फैसला किया है। यह साफ कहा गया है कि लेटरल एंट्री में जातीय आरक्षण का प्रावधान कर नए सिरे विज्ञापन जारी होगा। जाहिर है, विपक्ष को तब कोई आपत्ति नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष राशि**-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन आपके लिए किसी मामले में जीत दिलाने वाला रहेगा। साथ ही आपको शासन व सत्ता का पूरा लाभ मिलेगा और आपका सम्मान बढ़ने से आपको खुशी होगी। किसी करीबी पर भरोसा करने से आपको समस्या हो सकती है.. सोच समझकर आगे बढ़ेंगे तो सब ठीक होगा।

**वृष राशि**-आज आपका दिन शानदार रहने वाला है।आप किसी रिश्तेदार से मिलने, उनकेघर जायेंगे। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्र तैयारी जारी रखेंगे और खूब मेहनत भी करेंगे। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों को आज कोई बड़ी सफलता मिलेगी।

**मिथुन राशि**-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बच्चे आज आपको कोई शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे और घर के बुजुर्गों की सेवा भी करेंगे। आज आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा।

**कर्क राशि**-आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने खर्च पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का सपोर्ट मिलेगा। आने वाले समय में आपकी महत्व कांक्षाएं बढ़ेगी, जिसे पूरा करने के लिए आप कड़ी मेहनत करेंगे। आज हर कोई आपकी बातों से प्रभावित होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कुछ नई जिम्मेदारियां मिलेगी। आज आप धार्मिक कार्यों में रूचि लेंगे।

**सिंह राशि**-आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिताएंगे और भविष्य की कुछ योजनाओं पर बात-चीत भी करेंगे। आपके लिए कोई फैसला करना थोडा मुश्किल होगा लेकिन आपको भाई का साथ मिलने से आसानी होगी। ऑफिस में काम ज्यादा होने के कारण जीवनसाथी के साथ कहीं जाने का प्लान कैंसिल हो जायेगा। किसी काम में अनुमान से ज्यादा धन लाभ होगा।

**कन्या राशि**-आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे।आज आप अपने कामों में जल्दबाजी दिखाने से बचेंगे तो आप आगे आने वाली किसी समस्या से बच जायेंगे। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे। साथ काम करने वाले लोगों से आपको मदद मिलेगी। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है।

**तुला राशि**-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में आलस्य की बजह से कमजोर रहेगा। आपके कामों की गति धीमी रहेगी, लेकिन मित्रों के साथ आपके संबंध बेहतर रहेंगे इसके साथ ही आप परिवार में सबको खुश रखने की कोशिश में लगे रहेंगे आपको अच्छा लगेगा। आज आपके अंदर त्याग और सहयोग की भावना रहेगी।

**वृश्चिक राशि**-आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपकी भावनाओं की कद्र होगी, लव मेट आज आपको कोई गिफ्ट भी दे सकते हैं। आपका कोई मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है जिसकी आप अपनी क्षमता के अनुसार मदद करेंगे। संतान को यदि आप कोई जिम्मेदारी देंगे, तो भी वह उन पर खरा उतरेंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई बड़ी उपलब्धि मिलने से खुशी होगी।

**धनु राशि**-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपने कामों पर पूरा फोकस बनाए रखें और आपको एक से अधिक स्रोतों से लाभ होने के योग बन रहे हैं। आज कार्यक्षेत्र में आप कुछ नया अनुभव करेंगे इससे आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। आप काम को पूरा करने के लिए नए आईडियाज शामिल कर सकते हैं। आपके धन प्राप्ति के मार्ग में यदि कुछ बाधाएं आ रही थी, तो वह आज दूर होगी। ि

**मकर राशि**-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के स्टूडेंट्स को नये प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। बड़ों का सहयोग आपके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे। लम्बें समय से रूके हुए सरकारी कामों का आज निपटारा हो जायेगा।

**कुंभ राशि**-आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। साझेदारी में किसी डील को फाइनल करना आपके लिए अच्छा रहेगा और आपके औद्योगिक मामले सुधरेंगे। आज आपके दांपत्य जीवन में सुख समृद्धि बनी रहेगी। आज आपके पद व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के साथ आप किसी बड़ी डील को फाइनल करेंगे।

**मीन राशि**-आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने व्यवसाय के कामों में कुछ कठिनाई तो होगी, लेकिन फिर भी आप पूरा करने की कोशिश में लगे रहेंगे। आज आपको संतान की संगति की ओर विशेष ध्यान देना होगा। आज आपका कोई सपना साकार हो सकता है जिसकी चाह आपको कई वर्षों से थी।

# बड़ी चुनौती साफ सुथरी सरकार की

//अजीत द्विवेदी//

**जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तीन चरण में होने वाले मतदान के पहले चरण की अधिसूचना जारी हो गई है और नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इसके साथ ही आतंकवादियों की ओर से चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने के प्रयास भी चल रहे हैं। चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से एक दिन पहले यानी 19 अगस्त को आतंकवादियों ने अपेक्षाकृत शांत और सुरक्षित माने जाने वाले उधमपुर इलाके में सुरक्षा बलों पर हमला कर दिया, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल यानी सीआरपीएफ के एक इंस्पेक्टर शहीद हो गए। असल में इस साल अप्रैल, मई में हुए लोकसभा चुनावों में जम्मू कश्मीर के लोगों के खुल कर शामिल होने और जम कर मतदान करने की परिघटना ने आतंकवादियों और सीमा पार बैठे उनके आकाओं को असहज कर दिया है। वे समझ नहीं पाए कि क्यों इतनी बड़ी संख्या में लोग चुनाव प्रक्रिया में शामिल हो रहे हैं। राज्य की सभी पांच लोकसभा सीटों पर औसतन 50 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ, जो एक रिकॉर्ड है।**

तभी लोकसभा चुनाव के बाद से ही सुरक्षा बलों पर हमले में तेजी आई, खासतौर से जम्मू के इलाके में, जिसे आमतौर पर शांत और सुरक्षित माना जाता है। अकेले जुलाई के महीने में सुरक्षा बलों पर 10 बड़े हमले हुए हैं, जिनमें कैप्टेन रैंक के अधिकारियों सहित कुल 15 जवान शहीद हुए। अगस्त में भी एक हफ्ते के अंतराल पर दो हमले हुए, जिसमें सेना के एक कैप्टेन और सीआरपीएफ के एक इंस्पेक्टर शहीद हो गए। ये हमले अनायास या अचानक नहीं हो रहे हैं। इनके पीछे किसी बड़ी साजिश की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। तभी आशंका जताई जा रही है कि विधानसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा बलों और आम नागरिकों को भी निशाना बनाने वाले हमलों में बढ़ोतरी हो सकती है।

इस लिहाज से चुनाव प्रक्रिया में सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती है। चुनाव आयोग, राज्य प्रशासन और सुरक्षा बलों को हर स्थिति में नागरिकों को सुरक्षा मुहैया करानी होगी और उनके मन में सुरक्षा की धारणा पुख्ता करनी होगी ताकि वे खुल कर चुनावी प्रक्रिया में शामिल हों। चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने का मतलब है कि बढ़ चढ़ कर चुनाव लडने् वाले सामने आएं और मतदान करने के लिए भी लोग बेखौफ होकर निकलें। लोकसभा चुनाव से ज्यादा मतदान विधानसभा में हो तभी चुनाव आयोग की सफलता मानी जाएगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि मतदान स्वतंत्र और निष्पक्ष हों। इसमें किसी तरह की गड़बड़ी की खबरों से लोगों का भरोसा टूटेगा और सारी कवायद विफल हो जाएगी। जम्मू कश्मीर में चुनाव की दूसरी चुनौती सनातन है। लम्बे समय से वहां स्थिर और पूर्ण बहुमत वाली सरकार नहीं बनी है। हर बार गठबंधन की सरकार बनती है क्योंकि चुनाव हमेशा बहुकोणीय होता है, जिसमें किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिलता है। इस बार भी चुनाव से पहले राजनीतिक परिदृश्य पूरी तरह से बंटा हुआ दिख रहा है। पांच साल पहले जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त करने के केंद्र सरकार के फैसले के बाद पार्टियों में जो राजनीतिक एकता दिखी थी वह पांच साल में समाप्त हो गई है। गुपकर एलांयस नाम की कोई चीज अब मौजूद नहीं है। नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और कांग्रेस तीनों अलग अलग ताल ठोंक रहे हैं, जिन्होंने नवंबर 2018 में साथ मिल कर सरकार बनाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। इनके अलावा सज्जाद लोन की पीपुल्स कॉन्फ्रेंस', गुलाम नबी आजाद की प्रोग्रेसिव डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी और अल्ताफ बुखारी की अपनी पार्टी' की भी तैयारी है। भाजपा जो पिछली बार दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी थी वह ज्यादा बड़ी तैयारी के साथ चुनाव में उतरेगी। इस बहुकोणीय मुकाबले में किसी पार्टी के लिए बहुमत हासिल करना मुश्किल प्रतीत होता है। त्रिशंकु विधानसभा में कैसी सरकार बनेगी और वह कितनी स्थिर होगा और लोगों का कितना भला कर पाएगी, यह देखने वाली बात होगी। तीसरी चुनौती अलगाववादी ताकतों से है। लोकसभा चुनाव में बारामूला लोकसभा सीट के नतीजे से इस खतरे की आशंका स्पष्ट दिख रही है। निर्दलीय उम्मीदवार इंजीनियर शेख राशिद ने इस सीट पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक उमर अब्दुल्ला को हरा दिया। वह भी तब जबकि शेख राशिद दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। उन्होंने जेल से चुनाव लड़ा और उनके दो बेटों ने चुनाव की कमान संभाली। शेख राशिद उग्र अलगाववादी विचारों के हैं और इसलिए जेल में बंद हैं। बारामूला लोकसभा सीट पर लोगों ने उदार और लोकतांत्रिक उमर अब्दुल्ला की बजाय उग्र और अलगाववादी विचार वाले शेख राशिद को चुना। राशिद को 45.70 फीसदी वोट मिले, जबकि उमर अब्दुल्ला सिर्फ 25 फीसदी वोट हासिल कर पाए।यानी राशिद ने उनको 20 फीसदी के बड़े अंतर से हराया। जम्मू कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद लोन भी इस सीट से चुनाव लड़े थे और उनको भी 17 फीसदी के करीब वोट मिला था। सो, मुख्यधारा की पार्टियों के बरक्स छोटी व नई पार्टियों और अलगाववादी विचारों वाले निर्दलीय उम्मीदवार को मिला समर्थन विधानसभा चुनाव के लिए एक नई चुनौती का संकेत है। यह समझने वाली बात है कि लोकसभा चुनाव में जो उत्साह दिखा है, खास कर घाटी के इलाके में वह कहीं अलगाववादी ताकतों की वजह से तो नहीं है। विधानसभा चुनाव में इस प्रवृत्ति पर नजर रखने और इसे रोकने की कोशिश होनी चाहिए। असल में पिछले छह साल की राजनीति यानी जब से राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू हुआ है तब से भाजपा और केंद्र सरकार ने जो राजनीति की है उससे भी लोगों में अलगाव की भावना पैदा हुई है। नवंबर 2018 में विधानसभा भंग करके राष्ट्रपति शासन लागू करने, फिर अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त करने, राज्य को विभाजित करके लद्दाख को अलग करने और फिर परिसीमन के नाम पर जम्मू इलाके में छह व कश्मीर घाटी में एक सीट बढ़ाने की कार्रवाई से देश के एकमात्र मुस्लिम बहुल राज्य में स्थानीय नागरिकों के मन में भाजपा को लेकर संदेह पैदा हुआ है। उनको लग रहा है कि भाजपा घाटी में कठपुतली पार्टियां खड़ी कर रही है और जम्मू इलाके में सीट बढ़ा कर वहां चुनाव जीतना चाहती है ताकि अपनी सरकार बना सके और हिंदू मुख्यमंत्री बना सके। ध्यान रहे राज्य की दोनों बड़ी प्रादेशिक पार्टियां यानी नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी पहले भाजपा के साथ मिल कर सरकार बना चुके हैं। इसलिए उन पर भी लोगों का भरोसा नहीं बन रहा है। तभी यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा किस तरह से चुनाव लड़ती है और तीन, चार छोटी पार्टियां किस तरह से उसकी मदद करती हैं। इस बीच कांग्रेस और भाजपा दोनों की ओर से गठबंधन की कवायद भी शुरू हुई है। वह भी एक दिलचस्प पहलू है। अगर चुनाव बाद की चुनौतियों की बात करें तो उसमें सबसे प्रमुख जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करना है। कहने को तो नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपने घोषणापत्र में अनुच्छेद 370 और 35ए की बहाली का भी वादा कर दिया है लेकिन सबको पता है कि वह अब संभव नहीं है। इसलिए राज्य के दर्जे की बहाली सबसे जरूरी है। इसमें भी यह देखना दिलचस्प होगा कि चुनाव के बाद जम्मू कश्मीर कैसा राज्य बनता है। वह पूर्ण राज्य होता है या दिल्ली जैसा अर्ध राज्य बनता है। पिछले दिनों उप राज्यपाल को जितने अधिकार दिए गए हैं उससे लगता है कि राज्य सरकार के पास कम ही अधिकार रहेंगे। चुनाव बाद की एक बड़ी चुनौती साफ सुथरी सरकार की है। अगर सरकार गठन में जोड़ तोड़ या खरीद फरोख्त होती है तो पूरी कवायद विफल होगी। राज्य के लोग पहले इस तरह की बातें देख चुके हैं। साफ सुथरी सरकार से ही उनका भरोसा सरकार पर बनेगा और तभी स्थायी शांति बहाली संभव हो पाएगी।

## धुर-दक्षिणपंथ की उठती लहर

विश्व नेताओं के सामने धुर-दक्षिणपंथ की उठती लहर की चुनौती है, जिसे सीधे तौर पर चार दशकों से अपनाई गई नव-उदारवादी आर्थिक नीतियों का परिणाम माना गया है। अब टैक्स की ऊंची दर को इसका एक समाधान समझा जा रहा है। हाल में इटली से आई इस खबर ने सबको चौंकाया कि वहां की धुर-दक्षिणपंथी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की सरकार ने विदेशों में कमाए गए धन पर लगने वाले टैक्स को दो गुना कर दिया है। इटली सबसे कम टैक्स रेट वाले देशों में रहा है। इस रूप में वह उन देशों में है, दुनिया भर के अति धनी लोगों में जहां की नागरिकता लेने की होड़ रही है।

मगर अब देश का मूड बदल चुका है। आर्थिक मामलों के मंत्री जियांकार्लो जियोर्गेती ने कहा कि विभिन्न देश वित्तीय लाभ का ऑफर देने की होड़ में शामिल हों, इटली इस विचार के खिलाफ है। और ये मूड सिर्फ इटली में नहीं है। सुपर रिच लोगों पर टैक्स की एक न्यूनतम वैश्विक दर होनी चाहिए, इस बात की वकालत अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी करते रहे हैं, ये और बात है कि उनके प्रशासन ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। मगर अब ब्राजील की अध्यक्षता में जी-20 समूह में ऐसी पहल होने की संभावना बनी है। कुछ समय पहले वहां जी-20 के वित्त मंत्रियों की बैठक हुई। उस मौके पर 19 देशों के पूर्व शासनाध्यक्ष भी जुटे। उन्होंने एक साझा बयान में जी-20 देशों से अति धनी लोगों पर टैक्स बढ़ाने का आह्वान किया। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज नेसियो लूला दा सिल्वा की पहल पर मशहूर फ्रेंच अर्थशास्त्री गैब्रियेल जुकमैन इस बारे में एक विस्तृत रिपोर्ट पेश कर चुके हैं। नवंबर में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में यह चर्चा का प्रमुख मुद्दा होगा। विश्व नेताओं के सामने लगभग हर लोकतांत्रिक देश में धुर-दक्षिणपंथ की उठती लहर की चुनौती है, जिसे सीधे तौर पर वहां चार दशकों से अपनाई गई नव-उदारवादी आर्थिक नीतियों का परिणाम माना गया है। इस सामाजिक उथल-पुथल पर काबू पाने के लिए समझ बनी है कि आर्थिक विकास के लाभ में आम जन को सहभागी बनाना अपरिहार्य हो गया है। इस उभरती आम-सहमति पर गौर करें, तो भारत में चल रहा विमर्श बेहद पिछड़ा हुआ नजर आएगा।

# छन्दय-मोड में श्रीलंका

//डॉ. सुधीर सक्सेना//

**छन्दय यानि इलेक्शन 7 इलेक्शन यानि चुनाव । सिंहली- अंग्रेजी युग्म रचें तो होगा छन्दय-मोड। यानि हमारा समुद्रतटीय पड़ोसी राष्ट्र श्रीलंका इन दिनों छन्दय मोड में है। ज्यादा वक्त नहीं है। एक महिने बाद 21 सितंबर को करीब एक करोड़ 70 लाख मतदाता विषम परिस्थितियों से गुजर रहे द्वीप-राष्ट्र का नया राष्ट्रपति चुनेंगे! बिसात बिछी है। पांसे फेंके जा चुके हैं। वातावरण आवेशित है। दुविधा है। संभ्रम है।ज्यादातर खिलाड़ी सुपरिचित हैं। यूं तो एक अनार के लिये बीमारों की संख्या 39 है, किंतु मुकाबले में मुख्यतः चार खिलाड़ी हैं। ये चार खिलाड़ी हैं- अनेक दलों का समर्थन प्राप्त, निवर्तमान राष्ट्रपति निर्दलीय प्रत्याशी रानिल विक्रमसिंघे, समागी जन बालवेगया के सजिथ प्रेमदासा, श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना के नमल राजपक्षे और जनता विमुक्ति पेरामुना के अनुरा कुमारा दिसानायके।**

इनमें पांच बार प्रधानमंत्री रह चुके 75 वर्षीय रानिल वरिष्ठतम हैं, जबकि सन 2019 के चुनाव में असफल रहे सजिथ प्रेमदासा और अनुरा दिसानायके क्रमशः 57 और 55 वर्ष के हैं। श्रीलंका की राजनीति में सर्वाधिक प्रभावशाली रहे कुबेर-घराने के नमल की आयु 38 वर्ष है। गौरतलब है कि श्रीलंका। की राजनीति में राजपक्षे परिवार को स्वेच्छाचारी और एकाधिकारवादी घराने के तौर पर जाना जाता है। विगत संसदीय चुनाव में उसके पांच सदस्य जीते थे। महिंदा राजपक्षे बने प्रधानमंत्री, अनुज त्रयी गोटबाया राष्ट्रपति, चमल सिंचाई मंत्री, बेसिल वित्तमंत्री और पुत्र नमल खेलमंत्री। सन 2022 में व्यापक जनाक्रोश राजपक्षे परिवार के खानदानी राज के पतन का कारण बना। यूँ तो रानिल सत्ताच्युत गोटबाया राजपक्षे की पसंद थे, लेकिन वक्त ने रानिल पर गोटबाया के भरोसे की चूलें हिला दी है। यही वजह है कि अविश्वास और आशंका के वशीभूत उन्होंने युवा नमल को मैदान में उतार दिया है। लंदन विश्वविद्यालय से विधि में स्नातक नमल एसएलपीपी का पोस्टर ब्वॉय हैं। उनको मिले वोट इस बात का पैमाना होंगे कि अधिनायक-वृत्ति और स्वेच्छाचारिता के बावजूद श्रीलंकन राजपरिवार को कितना पसंद करते हैं। यह एक ऐसा यक्ष प्रश्न है, जिसका उत्तर 21 सितंबर से पहले नहीं मिल सकता। पिछले दो दशकों से श्रीलंका में सता की चाबी राजपक्षे परिवार के हाथों में है। सन 2004 में प्रेसीडेंट चंद्रिका कुमारतुंगा ने महिंदा को पहले-पहल पीएम बनाया था। उसके साल भर बाद महिंदा राष्टपति बने और सन् 2015 तक पदासीन रहे। तीन साल बाद उनका सितारा फिर चमका और सन 2019 से 2022 तक वह फिर पीएम रहे। कोरोना काल के बाद सन 2022 उनके लिये अपशकुनी सिद्ध हुआ। अरागलिया विद्रोह ने राजपक्षे परिवार के पाँवों तले से जमीन खींच ली। एकबारगी लगा कि महिंदा पलायन को बाध्य होंगे, लेकिन कूचे से बेआबरू होकर निकलने की अटकलों-आशंकाओं के बीच उन्हें पूर्वोत्तर प्रांत के नौसैनिक अड्डे त्रिंकोमाली में मुकम्मल सुरक्षा मिल गयी। राजपक्षे घराना फौजी हिफाजत में तबसे वहीं रह रहा है।

श्रीलंका में चीन की रुचि और भारत की चौतरफा घेराबंदी की उसकी कोशिशें किसी से छिपी नहीं हैं। कुछ भी पहले हंबनटोटा बंदरगाह सुर्खियों में था। चीन से राजपक्षे का मोह अभी भी कायम है। 27 जून, 2024 को महिंदा चीन की चार दिवसीय यात्रा पर गये। जाहिर तौर पर वह चीन के विदेश मंत्री वांग के न्यौते पर बीजिंग गये थे। मकसद था पंचशील की 70वीं वर्षगांठ पर समारोह में शिरकत। वहां वह चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग से मिले। तदंतर उनकी चीनी प्रधानमंत्री ली छियांग से ऋण पुनर्गठन मसौदे पर भी चर्चा हुई। कहना कठिन है कि महिंदा और चीनी नेताओं के बीच चुनाव और भावी राजनीति को लेकर क्या खिचड़ी पकी, लेकिन इस बाबत महिंदा की चुप्पी अटकलें उपजाती हैं।

अपने एकाधिक श्रीलंका प्रवास में मैंने पाया कि भारत और श्रीलंका के रिश्ते गर्भनाल सरीखे हैं। जातीय और सांस्कृतिक संदर्भ भारत-श्रीलंका मैत्री को दृढ़ आधार प्रदान करते हैं। भारत के लिये श्रीलंका का अतिरिक्त सामरिक महत्व भी है। भारत ने भयावह वित्तीय संकट। का सामना करने में कोलंबो की भरपूर मदद की है। सारे घटना पर भारत की पैनी निगाह है। यही वजह है कि भारत के विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने कोलंबो जाने पर महिंदा राजपक्षे से मुलाकात और चर्चा की। बात यहीं खत्म नहीं होती। चार फरवरी, 24 को जनता विमुक्ति पेरामुना के नेता अनुरा कुमारा दिसानायके, वरिष्ठ एमपी विजिता हेराथ, सचिव निहाल अबेसिंघे और कार्यकारी समिति के सदस्य प्रोफेसर अनिल जयंता दिल्ली आये तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री जयशंकर से मिले। अनुरा दिसानायके वामपंथी सोच के मुखर नायक हैं और इस छन्दय-द्वंद्व में चमकीली संभावना बनकर उभरे हैं। बहुत संभव कि वह कोलंबो की सत्ता की दिलचस्प और पेचीदा लड़ाई में दिल्ली की परोक्ष पसंद बनकर उभरें। अनुरा राजधानी कोलंबो से सांसद हैं और भ्रष्टाचार-विरोधी मुहीम के पुरोधा भी। केलानिया विश्वविद्यालय से भौतिकी में स्नातक अनुरा एक श्रमिक के बेटे हैं और सन 2015-18 में मैत्रीपाल सिरिसेना के काल में मुख्य विपक्षी सचेतक रहे। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से रिश्तों को लेकर उनका रुख रानिल से सर्वथा भिन्न है। जहां तक रानिल का प्रश्न है, उनकी चमक और खनक अब पहले जैसी नहीं रही। एक तो उनकी छवि राजपक्षे-कुनबे के पिछलग्गू की है, दूसरे मितव्ययिता के सख्त उपायों ने उनके लिए अलोकप्रियता का सामान जुटाया है। बहरहाल, लड़ाई रोचक है; श्रीलंका के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण और भारत तथा हिन्द महासागरीय क्षेत्र के लिए बहुत मानीखेज़। बड़ी बात यह है कि इस चुनाव में श्रीलंका की युवा-शक्ति और सोशल मीडिया निर्णायक भूमिका निभा रहा है।

## तस्वीरों की दुनिया



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और (भाजपा) प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने भोपाल में राज्यसभा चुनाव के लिए निर्विरोध निर्वाचित होने पर भाजपा उम्मीदवार जॉर्ज कुरियन को बधाई दी।



भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ के सदस्यों ने नई दिल्ली में एनएसयूआई मुख्यालय पर भाजपा सांसद कंगना रनौत की किसानों पर टिप्पणी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



आम आदमी पार्टी के सदस्यों ने रोहतक में भाजपा सांसद कंगना रनौत की किसानों पर टिप्पणी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



भुवनेश्वर में जाति जनगणना की मांग को लेकर बीजद और कांग्रेस विधायकों ने ओडिशा विधानसभा में स्पीकर सुरमा पाढ़ी के सामने विरोध प्रदर्शन किया।



दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने धौला कुआं फ्लाईओवर के नीचे भारी जलभराव के कारण पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।



अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत मुंबई एयरपोर्ट पर फोटो खिंचवाती हुई।



जय भोले क्रीड़ा मंडल के सदस्य नागपुर के बड़कास चौक पर कृष्ण जन्माष्टमी समारोह के दौरान दही हांडी तोड़ते हैं।

# उत्तरकाशी के वरुणावत पर्वत से भूस्खलन कई वाहन मलबे में दबे, बचाव अभियान जारी



**उत्तरकाशी, 28 अगस्त [एजेंसी]।**

जिला मुख्यालय व आसपास के क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा के बाद रात करीब पौने दो बजे वरुणावत की तलहटी गोफियारा जल संस्थान कालोनी व स्टोर के निकट के पहाड़ी से भूस्खलन होने से काफी मात्रा में पत्थर व मलबा गिरा है। जिससे इलाके में हड़कंप मच गाय। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग व गोफियारा कालोनी में सड़कों पर खड़े कई वाहन मलबे में दब गए हैं। वाहन स्थानीय लोगों के बताए जा रहे हैं। फिलहाल जनहानि की सूचना नहीं है। भटवाड़ी रोड व गोफियारा जलसंस्थान कालोनी के निकट रहने वाले एक दर्जन से अधिक परिवारों को काली कमली धर्मशाला में शिफ्ट किया गया है। जिलाधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट एवं अन्य अधिकारी, जनपद आपातकालीन परिचालन केंद्र से स्थिति पर नजर रख रहे हैं।जिलाधिकारी ने बताया कि भूस्खलन से प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। एसडीआएफ व प्रशासन की टीम गोफ़ियारा क्षेत्र में मौजूद है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर स्थिति की समीक्षा की। साथ ही किसी भी संभावित स्थिति से निपटने की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया।उन्होंने बताया कि अभी तक कहीं से जन हानि की सूचना नहीं है। नगर क्षेत्र में गोफियारा नाले के निकट तथा अन्य जगहों पर सड़कों पर जमा मलबे को हटाया जा रहा है। रात तीन बजे जिलाधिकारी बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला मुख्यालय क्षेत्र के गोफ़ियारा में अत्यधिक वर्षा होने के कारण भूस्खलन हुआ है। प्रभावित क्षेत्र से कुछ लोगों को धर्मशाला में शिफ्ट किया गया है।

सड़क किनारे खड़े कुछ वाहन में दब गए हैं, मलबा हटाने का कार्य निरंतर जारी है। स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने भी मौके पर पंहुचकर लोगों से अलर्ट रहते हुए सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की। बताया कि उत्तरकाशी से तेखला की ओर ट्रैफिक को जीरो जोन किया गया है, यातायात को मनेरा बाईपास की ओर से डायवर्ट किया गया है। पुलिस टीमें लगातार पेट्रोलिंग कर रही हैं।

# डॉक्टर हत्या मामले में नया मोड़, पकड़ा गया पूर्व प्रिंसपल का झूठ, अब कई राउंड में होगा पॉलीग्राफ टेस्ट

**कोलकाता, 28 अगस्त [एजेंसी]।**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल की चिकित्सक के साथ दुष्कर्म व हत्या के मामले में अस्पताल के पूर्व प्रिसिंपल संदीप घोष पालीग्राफ टेस्ट में झूठ बोल रहे हैं। सीबीआइ सूत्रों के मुताबिक उस दिन के घटनाक्रम के बारे में वह जो बातें बता रहे हैं, वह ज्यादातर झूठ हैं। उनका कई और राउंड में पालीग्राफ टेस्ट होगा। इस घटना में गिरफ्तार मुख्य आरोपित संजय राय का भी पालीग्राफ टेस्ट में झूठ पकड़ा गया है। वहीं, दूसरी ओर सीबीआइ ने इस दिन घटना की जांच के सिलसिले में कोलकाता पुलिस के एक सहायक उप-निरीक्षक (एएसआइ) अनूप दत्ता का भी पालीग्राफ टेस्ट कराने के लिए अदालत से अनुमति मांगी है। दत्ता को संजय का करीबी बताया जा रहा है। सीबीआइ दत्ता से पूछताछ भी कर चुकी है। सीबीआई इस बात की जांच कर रही है कि क्या राय ने दत्ता को अपराध के बारे में बताया था और क्या उसे कोई मदद मिली थी। दत्ता ने राय को कई तरह के लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके पहले इस मामले में चार प्रशिक्षु चिकित्सकों व संजय का दोस्त सिविक वालंटियर सौरव भट्टाचार्य का भी पालीग्राफ टेस्ट हुआ है। इस मामले में केंद्रीय एजेंसी उत्तर बंगाल के एक चिकित्सक से पूछताछ करना चाहती है, जो घटना के दिन संदीप घोष के साथ थे। जांचकर्ता दावा कर रहे हैं कि वह शव की बरामदगी से लेकर पोस्टमार्टम और दाह संस्कार तक हर जगह मौजूद थे। जांचकर्ताओं ने कहा कि उन्हें जल्द ही तलब किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो संदीप घोष के साथ आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जाएगी।

हालांकि घोष का कहना है कि वह चिकित्सक अपने निजी काम से कोलकाता आए थे। एम्स विशेषज्ञों की राय लेगी सीबीआई इस घटना से जुड़ी डीएनए और फोरेंसिक रिपोर्ट को लेकर एम्स के विशेषज्ञों की सलाह लेगी। अधिकारियों के अनुसार इन रिपोर्ट से एजेंसी को यह पता लगाने में भी मदद मिलेगी कि क्या संजय राय इकलौता आरोपित था जिसने अपराध किया या अन्य लोग भी इसमें शामिल थे। मुख्य आरोपित की बाइक पुलिस आयुक्त के नाम पर पंजीकृत, पुलिस ने दी सफाई ्घटना में गिरफ्तार मुख्य आरोपित सिविक वालंटियर संजय राय की बाइक कोलकाता के पुलिस आयुक्त के नाम पर पंजीकृत किए जाने के मुद्दे पर पुलिस ने सफाई दी है। कोलकाता पुलिस ने कहा है कि पुलिस के उपयोग के लिए वाहनों को पहले आधिकारिक तौर पर पुलिस आयुक्त के नाम पर पंजीकृत किया जाता है। इसके बाद वाहनों को उपयोग के लिए अलग-अलग विभागों को सौंप दिया जाता है। इस मामले में भी ऐसा ही हुआ था। घटना के बाद पुलिस ने सिविक वालंटियर की बाइक पहले ही जब्त कर ली थी।

# यूक्रेन यात्रा के बाद रूस के राष्ट्रपति से पीएम मोदी ने की बात



**नईदिल्ली, 28 अगस्त [एजेंसी]।**

रूस और यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव को कम करने को लेकर अभी एकमात्र कोशिश भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्तर पर ही होती दिख रही है। तीन दिन पहले (शनिवार-24 अगस्त) ही पीएम मोदी यूक्रेन यात्रा से लौटे हैं और अभी तक वहां के हालात को लेकर अमेरिका व रूस के राष्ट्रपतियों से वार्ता कर चुके हैं। मोदी की टेलीफोन पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से लंबी बात हुई है जिसमें उन्होंने यूक्रेन की अपनी यात्रा को लेकर बताया और साथ ही यूक्रेन विवाद को खत्म कर इस पूरे क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता जताई। सोमवार को देर रात पीएम मोदी की बाइडन से बातचीत हुई थी। इसमें भी यूक्रेन के हालात एक बड़ा मुद्दा था। बाद में बाइडेन ने मोदी की इस बात के लिए प्रशंसा की है कि उन्होंने वहां शांति का संदेश दिया है और यूक्रेन को मानवीय आधार पर मदद पहुंचाने का कदम उठाया है। अभी रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध की स्थिति और भयावह होने की सूचना है। एक दिन पहले ही रूस ने यूक्रेन के आधे से ज्यादा इलाकों पर 200 मिसाइलों से हमला किया है।

यूक्रेन के कुछ बिजली संयंत्रों के साथ ही उसके कई अहम ढांचागत सुविधाओं पर नष्ट किया गया है। यूक्रेन की तरफ से भी जवाबी कार्रवाई की तैयारी है। हालात बिगड़ने के बावजूद बहुराष्ट्रीय एजेंसियों की तरफ से या किसी अन्य देश की तरफ से शांति स्थापित करने की कोई कोशिश नहीं हो रही है। स्थिति ऐसी है कि भारतीय पीएम एकमात्र ऐसे वैश्विक नेता हैं जो दोनों पक्षों के साथ संपर्क हैं और लगातार संवाद कर रहे हैं। यूक्रेन की तरफ से अपने मित्र व समर्थक देशों के बीच शांति वार्ता कराने की लेकर एक और बैठक बुलाने की कोशिश की जा रही है लेकिन इसको लेकर अनिश्चितता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा है कि वह चाहते हैं कि अगली शांति वार्ता भारत में हो। यह बात पिछले शुक्रवार (23 अगस्त) को राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने वहां की यात्रा पर पहुंचे भारतीय पीएम नरेन्द्र मोदी से कही थी। इस बैठक में मोदी ने कहा था कि वह रूस के राष्ट्रपति के साथ बैठ कर शांति का रास्ता निकालने के लिए बातचीत करें। मोदी ने यह भी कहा था कि वह व्यक्तिगत तौर पर यूक्रन विवाद का शांतिपूर्ण हल निकालने के लिए हरसंभव मदद करने को तैयार है।

# रूस ने दूसरे दिन भी यूक्रेन पर लगाई मिसाइल और ड्रोन हमलों की झड़ी, जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों से कर डाली ये मांग

**कीव, 28 अगस्त [एजेंसी]।**

रूस ने मंगलवार को दूसरे दिन भी यूक्रेन पर मिसाइलों और ड्रोन हमलों की झड़ी लगा दी। यूक्रेन ने कहा कि उसने मंगलवार को रूस के 10 मिसाइलों में से पांच को और 81 ड्रोन में से 60 को मार गिराया। हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सहयोगी पश्चिमी देशों से लंबी-दूरी तक मार करने में सक्षम हथियार देने की मांग की है और उनके रूस के अंदर हमले करने अनुमति भी मांगी। सोमवार को रूस ने 200 से अधिक मिसाइलों और ड्रोन से यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया था। इसमें आठ लोगों की मौत हुई थी। मंगलवार को भी क्रिव्यी रिहस्ट्रक में आवासीय इमारत पर हमले में पांच लोगों की जान गई है।

यूक्रेनी वायुसेना ने कहा कि वह मंगलवार को 10 और ड्रोन को ट्रैक नहीं कर सकी, जो उसके क्षेत्र में कहीं गिरे हैं। इनमें से एक बेलारूस के क्षेत्र में पहुंच गया। वहीं, सोमवार को बिजली संयंत्रों पर हमले के बाद बिजली व्यवस्था पूरी तरह से बहाल नहीं हो सकी है। इस बीच, रूसी रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन पर बड़े हमले की बात कही, लेकिन नागरिकों को निशाना बनाने से इन्कार किया। वहीं, रूस के कई रक्षा ब्लागरों ने रूस के हमले को कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी घुसपैठ के जवाब में की गई कार्रवाई बताया। यूक्रेन के सेना प्रमुख जनरल ओलेक्जेंडर सिरस्क्यी ने मंगलवार को कहा कि हमारी सेना ने कुर्स्क में 1,300 वर्ग किमी पर पर कब्जा कर लिया है और 594 रूसी बंदी कब्जे में हैं। वहीं, रूस के बेलगोरोद रीजन के प्रमुख ने कहा है कि यूक्रेन की सीमा से सटे क्षेत्रों में स्थिति कठिन लेकिन नियंत्रण में हैं। रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने दावा किया कि कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी सेना की घुसपैठ में अमेरिका संलिप्तता है।



राफेल ग्रोसीसंयुक्त राष्ट्र परमाणु एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रोसी ने मंगलवार को कर्स्क के परमाणु संयंत्रों की सुरक्षा की जांच की। इसके बाद उन्होंने कहा कि परमाणु संयंत्रों को खतरा है और स्थिति गंभीर है। रूस के नियंत्रण वाले यूक्रेन के जपोरीजिया परमाणु संयंत्र पर हमले का आरोप दोनों पक्ष एक दूसरे पर लगा चुके हैं। बैंकाक में चीन के यूरेशिया मामलों के दूत ली हुइ ने मंगलवार को यूक्रेन में उसकी शांति योजना में और वैश्वि दक्षिण के तीन देशों इंडोनेशिया, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका से सहयोग मांगा। कहा, शांति योजना में वैश्विक दक्षिण का सहयोग महत्वपूर्ण है।

# भारत विरोधी पोस्ट पर लव रिएक्ट करना बांग्लादेशी स्टूडेंट को पड़ा भारी, मिली कठोर सजा



**सिलचर, 28 अगस्त [एजेंसी]।**

असम के सिलचर में एनआइटी में पढ़ने वाली एक बांग्लादेशी छात्रा को इंटरनेट मीडिया पर भारत विरोधी पोस्ट पर लव इमोजी के साथ प्रतिक्रिया देने के बाद उसके देश वापस भेज दिया गया। कछार के पुलिस अधीक्षक नुमल महत्ता ने दावा किया कि यह निर्वासन नहीं है, बल्कि बांग्लादेश के अधिकारियों के बात कर उसे वापस भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इलेक्ट्रानिक और संचार विभाग में चौथे सेमेस्टर की छात्रा मैशा महजबीन ने एनआईटी सिलचर के पूर्व छात्र सहादत हुसैन अल्फी द्वारा फेसबुक पर किए गए भारत विरोधी पोस्ट पर लव इमोजी के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त की थी।

उन्होंने बताया कि अल्फी अपना कोर्स पूरा करने के बाद लगभग छह माह पहले भारत से चला गया था और वह अब बांग्लादेश में रहता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि छात्रा ने अभी अपना कोर्स पूरा नहीं किया है। वह अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए फिर से वापस आएगी या नहीं, इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। वर्तमान में एनआइटी सिलचर में बांग्लादेश के कुल 70 छात्र पढ़ाई कर रहे हैं, जिसमें बांग्लादेश के लगभग 40 हिंदू छात्र हैं।

# इंजीनियरिंग छात्रा से दुष्कर्म करने वाला एमटेक छात्र गिरफ्तार, करता था शारीरिक और मानसिक शोषण

**आगरा।** छात्रा से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मंगलवार रात एमटेक छात्र शिवांश सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सोमवार तक छात्र को निर्दोष मान रही थी। बाद में गहराई से जांच की तो सामने आया कि आरोपित ने छात्रा का शारीरिक और मानसिक शोषण किया था।छात्रा की वर्तमान हालत के लिए भी वही जिम्मेदार है। रविवार को छात्रा ने बीच सड़क पर कपड़े उतार दिए, जिसके बाद पुलिस की नींद टूटी और आरोपित का मंगलवार को छात्रा से सामना कराया। लखनऊ की रहने वाली छात्रा डा. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग कर रही है। छात्रा ने 11 अगस्त को सिकंदरा थाने में अपने सीनियर रहे शिवांश सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। आरोप लगाया कि उसने चलती कार में दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपित की लोकेशन निकाली तो वह घटना के समय जम्मू में थी। आरोपित जम्मू आईआईटी से एमटेक कर रहा है। जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमे को फर्जी मान लिया। पुलिस के बुलाने पर सोमवार को आरोपित घटना के समय अपने जम्मू में होने के साक्ष्य लेकर पहुंचा था। पुलिस ने मंगलवार को पीड़िता की मां को लखनऊ से बुलाया।आरोपित को मंगलवार मानसिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संस्थान लेकर पहुंची। पीड़िता से सामना कराने पर उसने शिवांश पर खुलकर आरोप लगाए। इंस्पेक्टर सिकंदरा नीरज शर्मा ने बताया कि शिवांश सिंह, गाजीपुर के चौजाखास का रहने वाला है। जांच में सामने आया कि वह निर्दोष नहीं है। छात्रा का लंबे समय तक शारीरिक शोषण किया था। जिससे छात्रा की यह हालत हुई है।शिवांश की छात्रा की मां से भी फोन पर बातचीत हुई है। छात्रा अत्यधिक गुस्से वाली है, उसने जब भी अपनी बात रखने का प्रयास किया, गुस्से के चलते उसे ही गलत ठहरा दिया जाता।

# मनु सिंघवी की राज्यसभा में एंट्री तेलंगाना से निर्विरोध चुने गए

**हैदराबाद 28 अगस्त।** कांग्रेस नेता और वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी मंगलवार को उपचुनाव में तेलंगाना से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने गए। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी निरंजन ने हैदराबाद में रिटर्निंग अधिकारी से सिंघवी की ओर से चुनाव का प्रमाण पत्र प्राप्त किया।उपचुनाव के लिए एक निर्दलीय उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल किया था लेकिन जांच के दौरान उसका पर्चा खारिज कर दिया गया। इसके बाद सिंघवी मैदान में एकमात्र उम्मीदवार थे और उन्हें मंगलवार को उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख पर निर्वाचित घोषित किया गया। मनु सिंघवी ने 19 अगस्त को हैदराबाद में अपना नामांकन दाखिल किया था। उनके साथ तेलंगाना के मुख्यमंत्री और राज्य कांग्रेस अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी और अन्य कांग्रेस नेता भी थे। इस साल की शुरुआत में सिंघवी कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा चुनाव हार गए थे।

# 18 राज्यों के मुख्य सचिव, वित्त सचिव सुप्रीम कोर्ट में हुए पेश

**नईदिल्ली, 28 अगस्त [एजेंसी]।**

न्यायिक अधिकारियों को वेतन, बकाया पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभों के भुगतान पर द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग (एसएनजेपीसी) की सिफारिशों के अनुपालन की स्थिति के बारे में जानकारी देने के लिए 18 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव और वित्त सचिव मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए।शीर्ष नौकरशाहों ने भविष्य में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट देने का अनुरोध किया, जिसे स्वीकार कर लिया गया। सुप्रीम कोर्ट पूर्व न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों के कल्याण एवं अन्य उपायों के क्रियान्वयन के संबंध में अखिल भारतीय न्यायाधीश संघ (एआइजेए) की याचिका पर सुनवाई कर रहा था।बंगाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने राज्य द्वारा सुप्रीम कोर्ट के निर्णय और निर्देशों के अनुपालन के बारे में जानकारी दी तो चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा- हमें राज्यों के मुख्य सचिवों, वित्त सचिवों को तलब करने में कोई खुशी नहीं होती लेकिन राज्यों के वकील सुनवाई के दौरान लगातार अनुपस्थित रहे हैं। कोर्ट में दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, झारखंड, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, बंगाल, छत्तीसगढ़, असम, नगालैंड, मेघालय, केरल, बिहार, गोवा, और ओडिशा के शीर्ष नौकरशाह सीजेआइ के अदालतकक्ष में पेश हुए और वकीलों की सहायता करते नजर आए।

कुछ मुख्य सचिवों ने 22 अगस्त तक अपने वकीलों के माध्यम से अदालत में पहुंचकर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से बचने का प्रयास किया और कहा कि उन्होंने निर्देशों का काफी हद तक पालन किया है तथा डिजिटल माध्यम के जरिये उपस्थित होने की अनुमति देने का अनुरोध किया। पीठ ने हालांकि नरमी नहीं दिखाई और कहा कि वह कुछ नौकरशाहों के लिए अपवाद नहीं बना सकती।

सीजीआई ने 22 अगस्त को चेतावनी दी थी- मैं देख सकता हूं कि कोई ठोस अनुपालन नहीं हुआ है। उन्हें व्यक्तिगत रूप से हमारे सामने पेश होना होगा या हम उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करेंगे।पीठ 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा अपने चार जनवरी के फैसले और पहले के निर्देशों के अनुपालन से संतुष्ट थी और उसने कार्यवाही बंद कर दी ।

# हैजा मुक्त दुनिया की पहल... भारत बायोटेक बनाएगी ओरल वैक्सीन, डीसीजीआई से मिली मंजूरी

**हैदराबाद, 28 अगस्त [एजेंसी]।**

भारत समेत पूरी दुनिया में हैजा रोग पर लगाम लगाने के लिए भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड ने हैजे की ओरल वैक्सीन हिलकोल को लांच करने की मंगलवार को घोषणा की। ओरल हैजा वैक्सीन (ओसीवी) की वैश्विक मांग सालाना 10 करोड़ खुराक से अधिक है। वैश्विक स्तर पर ओसीवी की चार करोड़ खुराक की कमी है। नई वैक्सीन इस कमी को दूर करेगी। रायटर के अनुसार तीसरे चरण के क्लीनिकल परीक्षण में भारत से लगभग 3,600 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। परीक्षण में पुष्टि हुई कि यह वैक्सीन सुरक्षित है और मौजूदा टीकों से कमतर नहीं है। भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने कंपनी के हैदराबाद प्लांट में वैक्सीन के निर्माण की मंजूरी दे दी है। भारत बायोटेक 4.5 करोड़ डोज की वार्षिक क्षमता के साथ अपने हैदराबाद संयंत्र से उत्पादन शुरू करेगी। यह वैक्सीन, एकल खुराक वाला रेस्प्यूल है, जिसे 14 दिनों के अंतराल पर (दो खुराक) दिया जाता है। यह एक वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों के लिए उपयुक्त है। रेस्प्यूल में दवा तरल रूप में होती है। इसे नेबुलाइजर नामक मशीन में डाला जाता है। इसके बाद सांस के जरिये दवा शरीर के अंदर ली जाती है। भारत बायोटेक के कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा एला ने कहा कि भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड (बीबीआइएल) ने हैदराबाद और भुवनेश्वर में बड़े पैमाने पर विनिर्माण केंद्र स्थापित की हैं, जिनमें हिलकोल की 20 करोड़ खुराक तैयार की जा सकेगी। भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने कंपनी के हैदराबाद प्लांट में वैक्सीन के निर्माण की मंजूरी दे दी है। हिलकोल (बीबीवी131) को भारत बायोटेक ने सिंगापुर के हिलमैन लैबोरेटरीज (मर्क यूएसए और वेलकम ट्रस्ट द्वारा फंडेड) के लाइसेंस के तहत विकसित किया गया था। उन्होंने कहा, हिलकोल साझेदारी की उत्कृष्ट सफलता की कहानी है। इससे वैश्विक स्तर पर हैजा से लड़ने के हमारे प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा।



बीबीआईएल जल्द ही अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के माध्यम से दुनिया भर में वैक्सीन की आपूर्ति के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन से संपर्क करेगी। गौरतलब है कि वैश्विक स्तर पर इसके मामले और मौतें 2021 से लगातार बढ़ रही हैं। हालांकि हैजा की रोकथाम और उपचार संभव है। 2023 की शुरुआत से इस साल मार्च तक 31 देशों में 824,479 मामले और 5,900 मौतें दर्ज की गईं। रायटर के अनुसार बीबीआईएल ने कहा, हमारा इरादा सबसे पहले अफ्रीकी महाद्वीप की मदद करना है, जहां स्थिति बदतर है। और यदि कोई अफ्रीकी देश हमसे वैक्सीन खरीदना चाहता है तो हम इसके लिए तैयार हैं।

# अकबरगंज बनेगा मां अहोरवा भवानी धाम उत्तर प्रदेश में बदले आठ रेलवे स्टेशनों के नाम



**लखनऊ, 28 अगस्त [एजेंसी]।**

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में अमेठी जिले के आठ स्टेशनों के नाम बदले जाएंगे। इसके लिए रेलवे ने आदेश जारी कर दिए हैं। अमेठी जिले का काशिमपुर हाल्ट अब जायस सिटी के नाम से पहचाना जाएगा।इसी तरह जायस का नाम गुरु गोरखनाथ धाम होगा। इसके अलावा मिश्रौली को मां कालिकन धाम, बनी को स्वामी परमहंस, निहालगढ़ को महाराजा बिजली पासी, अकबरगंज को मां अहोरवा भवानी धाम, वजीरगंज हाल्ट को अमर शहीद भाले सुल्तान और फुर्सतगंज को तपेश्वरनाथ धाम से पहचाना जाएगा।इन स्टेशनों के नाम परिवर्तन को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने रेल मंत्री को पत्र भेज कर अनुरोध किया था। मंगलवार को मुख्य वाणिज्य प्रबंधक हरि मोहन ने स्टेशनों का नाम परिवर्तित करने से जुड़ा आदेश जारी किया है।स्टेशनों के नाम बदलने के रेलवे बोर्ड के आदेश पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तंज कसा है। एक्स पर उन्होंने लिखा कि भाजपा सरकार से आग्रह है कि रेलवे स्टेशनों के सिर्फ नाम नहीं, हालात भी बदलें। जब नाम बदलने से फुरसत मिल जाए तो रिकार्ड कायम करते रेल हादसों की रोकथाम के लिए भी कुछ समय निकालकर विचार करें।

# मुंबई का स्पेशल नाश्ता जेनिफर विंगेट की सुबह को बनाता है शानदार

अभिनेत्री जेनिफर विंगेट ने अपने फैंस को सुबह के नाश?ते की झलक दिखाई, जिसमें बन मस्का और चाय को देखा जा सकता है।


इंस्टाग्राम पर जेनिफर के 8.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं। इस प?लेटाफॉर्म पर शेयर की गई स्टोरीज में उन?होंने अपने सुबह के नाश?ते की फोटो शेयर की है। यह तस?वीर उन?होंने अपनी कार पर ली है। कार के बोनट पर बन मस्का और कुल्हड़ चाय की प्लेट देखी जा सकती है।

उन्होंने इसे कैप्शन दिया, बन मस्का और चाय चलते-फिरते!

एक अन्य स्टोरी में उन्होंने फर्श पर बैठे तीन डॉग्स की तस्वीर शेयर की।

इसे कैप्शन दिया गया है, स्पॉटेड।

विंगेट ने 1995 की फिल्म अकेले हम अकेले तुम से एक बाल कलाकार के रूप में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। उन्होंने 2002 में शाका लाका बूम बूम के साथ टेलीविजन पर कदम रखा। बच्चों के इस फैंटेसी एडवेंचर टेलीविजन शो में विशाल सोलंकी ने संजू की मुख्य भूमिका निभाई थी।



इसमें हंसिका मोटवानी ने करुणा की भूमिका निभाई थी।

जेनिफर ने कुसुम में सिमरन, कोई दिल में है में प्रीति, कसौटी जिंदगी की में स्नेहा बजाज गिल, क्या होगा निम्मो का में नताशा, कहीं तो होगा में स्वेतलाना और संगम में गंगा भाटिया की भूमिकाएं निभाई हैं।

उन्हें दिल मिल गए में डॉ. रिद्धिमा गुप्ता के किरदार से पहचान मिली। स्टार वन पर प्रसारित होने वाला मेडिकल ड्रामा शो संजीवनी - ए मेडिकल बून का सीक्वल था। इसमें करण सिंह ग्रोवर, शिल्पा आनंद, करण वाही और मोहनीश बहल शामिल थे।

जरा नच के दिखा 1 की विनर रहीं जेनिफर नचले वे विद सरोज खान, कॉमेडी का महा मुकाबला, लाफ्टर के फटके और देख इंडिया देख की होस्ट रह चुकी हैं।

वह सरस्वतीचंद्र में भी नजर आ चुकी हैं।

39 वर्षीय अभिनेत्री ने रोमांटिक थ्रिलर बेहद में माया की भूमिका निभाई है, जिसमें कुशाल टंडन और अनेरी वजानी भी उनके साथ हैं।

वह वर्तमान में कानूनी ड्रामा रायसिंघानी बनाम रायसिंघानी में नजर आ रही हैं। यह वेब सीरीज कानूनी पेशेवरों के जीवन को दर्शाती है, नैतिक दुविधाओं की पेचीदगियों और आसान रास्ते के बजाय सही रास्ता चुनने की चुनौती को दिखाती है।

इस शो में करण वाही और रीम शेख भी हैं।

यह सोनी लिव पर स्ट्रीम होता है।

# किस फल से मिलती है सबसे ज्यादा ताकत? जवाब जानकर हैरान रह जाएंगे आप

आज हम जिस फल के बारे में बात करने जा रहे हैं वह स्वाद और गुण दोनों में काफी ज्यादा फायदेमंद है. इसके कई सारे फायदे हैं लेकिन इसके गुण सुनेंगे तो आप कभी भी इसे खाना नहीं भूलेंगे. यह अपने खट्टे-मीठे स्वाद के कारण बच्चे से लेकर बूढ़े तक सभी को काफी ज्यादा पसंद आता है. इस फल का नाम कीवी है. कीवी मुख्य रूप से विदेश से आयात किया जाता था. लेकिन अब इसकी खेती भारत में ही की जाती है. आज इस आर्टिकल में हम कीवी खाने के फायदे के बारे में बात करेंगे. जो स्वास्थ्य के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद है.



कीवी में भरपूर मात्रा विटामिन होता है

कीवी खाने से शरीर को एनर्जी मिलती है. सिर्फ इतना ही नहीं ब्लड सर्कुलेशन बहुत अच्छा होता है. शरीर में जोड़ों के दर्द और दूसरे अंगों में होने वाली दर्द भी ठीक हो जाती है. कीवी खाने से आंखों को काफी ज्यादा फायदेमंद होता है. इससे आंखों की रोशनी बढ़ती है.इससे भरपूर मात्रा में विटामिन मिलता है.

कीवी में होता है ये भरपूर गुण

कीवी में मैग्नीशियम, पोटाशियम और विटामिन ए भरपूर मात्रा में पाया जाता है. कीवी में विटामिन 6 और आयरन काफी ज्यादा भरपूर मात्रा में मिलता है. इसे खाने से कमजोरी दूर हो जाती है. साथ ही अगर किसी व्यक्ति के शरीर में खून की कमी है तो कीवी के खाने से दूर हो जाती है. कई लोगों के साथ ऐसा होता है थोड़ी सी चोट लगने के बाद शरीर काला पड़ जाता है. ऐसे में यह स्थिति आयरन की कमी को दर्शाता है. कीवी खाने से इस तरह की परेशानियां दूर हो जाती है.

कीवी इन विटामिन से भरपूर है

कीवी बेहद पौष्टिक फ्रूट है. इसमें विटामिन ए, बी, सी,के और विटामिन बी 6 पाया जाता है. इतना ही नही इसमें ढेर सारा फाइबर, जिंक, फास्फोरस और मैग्नीशियम भी पाया जाता है जो शरीर को मजबूत बनाने के लिए बेहद जरूरी कहे जाते हैं. कीवी में पाए जाने वाले एंटी ऑक्सिडेंट शरीर में फ्री रेडिकल्स को बढ़ने से रोकते हैं जिससे कई बीमारियां दूर रहती हैं.

बदलते मौसम में जब बीमारी के चलते शरीर में प्लेटलेट्स कम हो जाते हैं तो कीवी फल का सेवन बहुत कारगर साबित होता है. रोज कीवी के सेवन से शरीर में प्लेटलेट्स बढ़ जाते हैं.


जिन लोगों को नींद नहीं आती, उनके लिए कीवी बहुत ही शानदार फल है. इसमें पाया जाने वाला सेरोटोनिन अच्छी नींद लाने में मदद करता है और इसके सेवन से दिमाग भी शांत और रिलेक्स महसूस करता है.

बीपी वाले को कीवी जरूर खाना चाहिए

जिन लोगों का ब्लड प्रेशर ज्यादा रहता है, उनको नियमित तौर पर कीवी का सेवन करना चाहिए. कीवी में ढेर सारा पोटेशियम पाया जाता है और इसके सेवन से बीपी कंट्रोल में रहता है और उच्च रक्तचाप के चलते होने वाली बीमारियां जैसे स्ट्रोक और हार्ट अटैक को भी दूर रखने में मदद मिलती है. कीवी में पाए जाने वाले पोटेशियम की मदद से शरीर में किडनी, दिल, कोशिकाएं और मांसपेशियों को सही से काम करने की ताकत मिलती है.

# दूसरे संडे कमाई में हुआ मामूली इजाफा, फिर भी डिजास्टर बनीं अक्षय-जॉन की फिल्में

पिछले हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर 'स्त्री 2', 'खेल-खेल में' और 'वेदा' का महाक्लैश हुआ था. हालांकि तीनों फिल्में एक ही दिन 15 अगस्त 2024 को रिलीज हुईं लेकिन सबसे ज्यादा फायदा श्रद्धा कपूर-राजकुमार राव की फिल्म को हुआ. 'स्त्री 2' ने बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के साथ ही कब्जा जमा लिया और अक्षय कुमार की 'खेल खेल में' और जॉन अब्राहम की 'वेदा' का बुरा हाल कर दिया. हालांकि, अक्षय कुमार की 'खेल खेल में' ने पिछले कुछ दिनों में जॉन अब्राहम की 'वेदा' को पछाड़ते हुए बढ़त हासिल की है. चलिए यहां जानते हैं इन दोनों फिल्मों ने रिलीज के 11वें दिन कितना कलेक्शन किया है?




'स्त्री 2' अक्षय कुमार स्टारर 'खेल खेल में' पर कहर बनकर टूट रही है और फिल्म को कमाई का मौका नहीं दे रही है. उम्मीद थी की 'खेल खेल में' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म करेगी लेकिन रिलीज के पहले दिन ही इसने सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया. फिल्म एक भी दिन डबल डिजीट में कमाई नहीं कर पाई और अब तो 'खेल खेल में' मुश्किल से चंद करोड़ कमा पा रही है. 100 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो चुकी है और इसके लिए आधा बजट निकालना भी बेहद मुश्किल हो गया है.

'खेल खेल में' की कमाई की बात करें तो इस फिल्म ने रिलीज के पहले हफ्ते में 19.35 करोड़ का कलेक्शन किया था. वहीं अब ये रिलीज के दूसरे हफ्ते हैं और इसने दूसरे फ्राइडे जहां 70 लाख कमाए तो दूसरे शनिवार फिल्म की कमाई में 92.86 फीसदी की तेजी आई और इसने 1.35 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के दूसरे संडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'खेल खेल में' ने दूसरे संडे 1.75 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ 'खेल खेल में' का 11 दिनों का कुल कलेक्शन अब 23.15 करोड़ रुपये हो गया है.



## शोभिता धुलिपाला ने शेयर किया बोल्ड लुक, तस्वीरें इंटरनेट पर हो रहीं वायरल

लोरियल के लिए बैकग्राउंड मॉडल के रूप में करियर की शुरूआत करने वाली एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी लाइमलाइट बटौर रही हैं। दरअसल, बीते दिनों पहले उन्होंने साउथ के सुपरस्टार नागा चैतन्य संग सगाई की थी। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। वेब सीरीज द नाईट मैनेजर में एक्टर अनिल के साथ स्क्रीन शेयर करने वाली एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। बता दें कि एक्ट्रेस आए दिन किसी ना किसी कारण चर्चाओं में बनी रहती हैं। बीते दिनों पहले एक्ट्रेस ने साउथ के सुपरस्टार नागा चैतन्य के साथ सगाई कर ली है, जिसके बाद से वो लाइमलाइट में आ गई थीं। हाल ही में एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक जबरदस्त पोस्ट शेयर किया है। इन तस्वीरों में उनका बोल्ड और किलर अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी फोटोज पर बेशुमार प्यार लुटाते हैं।

# राजपाल यादव की फिल्म पड़ गए पंगे का ट्रेलर आउट, फनी डायलॉग और कॉमेडी से है भरपूर

कॉमेडी फ़िल्म पड़ गए पंगे का बेहद फ़नी और एंटरटेनिंग ट्रेलर आउट कर दिया गया है जो सोशल मीडिया पर काफी लाइक किया जा रहा है। ट्रेलर में हम राजपाल यादव, राजेश शर्मा और पंचायत फ़ेम फ़ैसल मलिक के साथ ही इस फ़िल्म से डेब्यू कर रहे समर्पण सिंह और राजेश यादव को फनी रूप में देख सकते हैं।

ट्रेलर की शुरुआत होती हैं बेहद नाटकीय संवाद के साथ तरीके से समर्पण सिंह कहते हैं अलविदा ए ज़िंदगी और राजेश शर्मा कहते हैं हे ईश्वर मरणोपरांत हेम अपने श्री चरणों में स्थान दे देना । राजेश शर्मा और समर्पण सिंह आत्महत्या के लिए काउंटडाउन रुक जाता हैं जब राजेश शर्मा बताते हैं की 3 बजे आत्महत्या ठीक नहीं यह भूत प्रेत का समय होता हैं आत्मा सालों साल भटकती रहेगी कल मर लेते हैं ।

ट्रेलर के दूसरे हिस्से में आयुष (समर्पण सिंह) का इंट्रो सीन में शादी तय हो रही हैं और उनकी गर्लफ्रेंड हनीमून का वेन्यू के बारे में पूछ रही हैं तो उनके टीचर शास्त्री जी ( राजेश शर्मा ) का इंट्रो है की मोहल्ले में उनकी बहुत इज्जत हैं लेकिन घर में नहीं हैं फिर आते है जग्गू ( राजेश यादव ) आते हैं जो खुद को मनी एडवाइजर बताते हुए एक दिन में पैसा डबल करने की गारंटी देते हैं ।



ट्रेलर के अगले हिस्से में डॉक्टर आयुष और शास्त्री जी को बेहद ही अलग किस्म के कैंसर की बीमारी होने की बात बताते हुए 30 से 40 का खर्च बताया लेकिन यह 40 हज़ार नहीं बल्कि लाख हैं बहुत ही एंटरटेनिंग तरीके से ट्रेलर में यह सीन हँसाता हैं फिर राजपाल यादव आते हैं बोलते है यह सुनकर बहुत दुख हुआ । एक और दृश्य में राजपाल यादव कहते हैं चूहे मारने वाली दवा से चूहे नहीं मरते इंसान क्या मरेंगे ।

ट्रेलर के आखिरी हिस्से में आते हैं पंचायत फ़ेम फैसल मलिक जो एक अल्ट्रा मॉर्डन गैंगस्टर हैं रिवाल्वर में तीन गोलियाँ भरकर बेहद फ़नी रॉंग इंग्लिश वाला डायलॉग बोलते हैं कई सारे फ़नी दृश्य और डायलॉग के साथ लास्ट में फिर राजपाल यादव बोलते हैं यह हैं मेरी गर्लफ्रेंड विस्तारा । और जब एयरलाइन का नाम विस्तारा हो सकता हैं तो मेरी गर्लफ्रेंड का क्यों नहीं ।बैकग्राउंड में चल रहे फ़नी सांग मोये मोये के साथ यह बेहद ही कॉमेडी दृश्य और संवादो से भरा 2 मिनट और 16 सेकंड का ट्रेलर बहुत ही प्रोमिसिंग लग रहा हैं ट्रेलर एक मस्ती भरी फ़िल्म की गारंटी देता है।

इस फ़िल्म से समर्पण सिंह बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रहे हैं जो मुख्य किरदार आयुष को निभा रहे हैं जिसके इर्दगिर्द यह कहानी घूमती है। फ़िल्म में राजेश शर्मा ने एक रिटायर्ड और खुशमिजाज गणित शिक्षक शास्त्री जी का रोल किया है। वह अपने पुराने घर में रहते हैं, जो उनकी दिवंगत पत्नी सुधा की यादों से भरा हुआ है। वह अपने बेटे नीलेश और बहू मधु के साथ रहते हैं लेकिन उनकी बहू मधु शास्त्री जी की अजीबोगरीब हरकतों से परेशान है और प्राइवेसी की कमी से निराश होकर अपने पति के साथ एक नए घर में जाना चाहती है।

## कंगना रनौत की इमरजेंसी का पहला गाना सिंहासन खाली करो जारी

कंगना रनौत स्टारर पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म इमरजेंसी का पहला गाना सिंहासन खाली करो रिलीज हो गया है. हाल ही में सॉन्ग सिंहासन खाली करो का टीजर जारी कर इसकी रिलीज डेट का एलान किया गया था. सिंहासन खाली करो में फिल्म इमरजेंसी की पूरी स्टारकास्ट नजर आ रही है. सिंहासन खाली करो सॉन्ग एक जज्बे और जोश से भरा गाना है. सिंहासन खाली करो गाना फिल्म की रिलीज से 10 दिन पहले रिलीज हुआ है. सॉन्ग सिंहासन खाली करो को उदित नायाराण, नकाश अजीज, नकुल अभयंकर ने मिलकर गाया है. सिंहासन खाली करो गाने के बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं. गाने को जीवी प्रकाश कुमार ने कंपोज किया है. गाने में कंगना रनौत, अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, दिवंगत एक्टर सतीश कौशिक भी नजर आ रहे हैं. कंगना रनौत को भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी के रोल में देखा जा रहा है.

## शब्द सामर्थ्य -160

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 159 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | खि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |

# किसी मशीन पर नहीं किया यकीन, रोजाना 20 मिनट की एक्सरसाइज और टोन हो गई बॉडी की हर मसल

हेल्दी और फिट रहने के लिए वर्कआउट करना बेहद जरूरी होता है. वर्कआउट करने के लिए जिम या घर पर भारी-भरकम वेट उठाना पड़ता है. बहुत से लोग इससे ही बचने के लिए वर्कआउट नहीं करते हैं लेकिन अब अब आपको ऐसा नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि आज हम आपको एक ऐसे वर्कआउट के बारें में बताने जा रहे हैं, जिसमें किसी तरह के मशीन की जरूरत नहीं पड़ती है और सिर्फ 20 मिनट देकर खुद को फिट बना सकते हैं. इसका नाम बॉडीवेट एक्सरसाइज है, जिसे करना बेहद आसान है.

बॉडीवेट वर्कआउट का फायदा

अपनी बॉडी को मस्कुलर बनाने के लिए आप घर पर ही रोजाना 20 मिनट के लिए बॉडीवेट एक्सरसाइज कर सकते हैं. इस वर्कआउट से शरीर ऊपर से नीचे तक मजबूत बनता है. इससे फिटनेस भी जबरदस्त होती है. इसे कुछ पार्ट्स में बांटा गया है.

चार पार्ट्स में बांटा गया है वर्कआउट

इस वर्कआउट को चार भागों में बांटा गया है. इसमें वार्म-अप, सर्किट, बर्नआउट लैडर और कूल-डाउन शामिल है.

वॉर्मअप -हर एक्टिविटी को 20 सेंकेंड तक करें. वॉर्मअप को कम से कम 2 बार करें. सबसे पहले जंपिंग जैक, फिर इंचवर्म कंधे पर टैप करने के लिए फिर स्वैट करें.

सर्किट- हर एक्टिविटी को 45 सेकंड तक करें। हर गतिविधि के बीच में 15 सेकंड के लिए आराम करें. पूरे सर्किट को कम से कम दो बार करें.

ब्लास्ट-ऑफ पुश-अप



नीचे झुक कर आगे धकेलना

पेंडुलम लंज

पर्वतारोही मोड़

पॉज़ स्क्वाट,प्लैंक अप टू फ्रॉगर

बर्नआउट लैडर

हर एक्टिविटी एक बार दोहराएं, फिर दो बार रिपीट करें और इसी तरह आगे बढ़ाते जाएं. 3 मिनट में जितना ऊपर जा सकते हैं, जाने की कोशिश करें.

टचडाउन जैक

पैंथर कंधे टैप

बर्पी, कूल डाउन

हर एक्टिविटी को 10 से 30 सेकंड तक करें. अगर आपके पास समय है तो इसे ज्यादा देर तक करें.

चाइल्ड पोज

अधोमुख श्वानासन

आगे की ओर मोड़ना

खड़े होकर क्वाड स्ट्रेच

कंधे का घेरा

# अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण करें:कलेक्टर

## लंबित आवेदनों की समीक्षा, समय पर निराकरण के निर्देश





**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय-सीमा पर प्रकरणों का निराकरण करने तथा उच्च न्यायालय के प्रकरणों में समय पर जवाबदावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों में अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने नगरीय निकाय, जनपद पंचायत, पशुपालन विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अलग-अलग सड़कों, चौक-चौराहे पर बैठने वाले आवारा मवेशियों को हटाने की कार्यवाही की जानकारी ली। स्कूली छात्र-छात्राओं को समय पर आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र बने, इसके लिए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े इसलिए समय पर यह प्रमाण-पत्र तत्काल बनाकर दिए जाए। कलेक्टर ने जिला षिक्षा अधिकारी को स्कूली छात्र-छात्राओं का शत् प्रतिषत आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र बनाने के निर्देष दिए। वहीं राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बटवारा, नामांतरण, फौती सहित अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जानाकरी ली। उन्होंने गिरदावरी के कार्यों के दौरान कृषकों को बी-वन, खसरा पढ़कर सुनाने के निर्देष दिए। कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों से रेडक्रॉस सोसायटी का सदस्य बनने तथा अपने अधिनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को भी सोसायटी से जोड़ने के निर्देश दिए। श्रीमती त्रिपाठी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, जिला षिक्षा अधिकारी, महिला बाल विकास अधिकारी एवं सहायक आयुक्त आदिवासी से स्वास्थ्य केन्द्रों, स्कूलों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, छात्रावासों/आश्रम के नियमित निरीक्षण प्रतिवेदन की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को प्रतिवेदन के आधार पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने नीति आयोग के सम्पूर्णता अभियान के तहत एनीमिया, कुपोषण से पीड़ित महिला एवं बच्चों को पौष्टिक पोषण आहार, गरम भोजन नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। श्रीमती त्रिपाठी ने बैठक में जन चौपाल, पीजी पोर्टल एवं जन शिकायत पोर्टल में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का समय-सीमा पर निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के अंतर्गत हितग्राही मूलक योजनाओं की समीक्षा की तथा सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं में अधिक-से-अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। समय-सीमा की बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, श्रीमती अंकिता सोम सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



## जनचौपाल में प्राप्त शिकायत की जांच कर तत्काल प्रतिवेदन देने के निर्देश

**कोरिया बैकुंठपुर।** संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित जन चौपाल में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के समक्ष 49 आवेदकों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों को लेकर विभिन्न विभागों से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किये। जन चौपाल में राजस्व विभाग से संबंधित आवेदनों पर कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से निराकरण योग्य आवेदनों को जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही कोर्ट में लंबित प्रकरणों पर शीघ्र सुनवाई करने को कहा। जनचौपाल में ग्राम सोस निवासी श्रीमती श्यामकुवंर द्वारा फर्द बंटवारा, पटवारी द्वारा नहीं किये जाने की शिकायत पर कलेक्टर ने तहसीलदार बचरा (पोड़ी) को तत्काल जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी तरह कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी के समक्ष ग्राम फूलपुरवासियों द्वारा ऑक्सीजोन पार्क में अतिक्रमण कर मकान बनाने की शिकायत की जांच करने तहसीलदार बैकुण्ठपुर को निर्देश दिए। ग्राम सलका केनापारा में लो-वोल्टेज की शिकायत पर कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने विद्युत विभाग के अधिकारी को तत्काल समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों पर गंभीरता से समीक्षा करते हुए, संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जल्द निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में मुख्य रूप से राजस्व मामलों, प्रधानमंत्री आवास, मजदूरी भुगतान, सहित अन्य मामलों से सम्बंधित 49 आवेदन प्राप्त हुए।

## कलेक्टर की तत्परता से सम्मलबाई को मिली सम्बल



**कोरिया बैकुंठपुर।** बैकुंठपुर विकासखण्ड के ग्राम नरकेली निवासी सम्मलबाई, जो राजस्व अभिलेखों में त्रुटियों के कारण लंबे समय से परेशान थीं, को जनचौपाल कार्यक्रम में बड़ी राहत मिली। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के संवेदनशील हस्तक्षेप से उनकी समस्या का तत्काल समाधान किया गया। 52 वर्षीय सम्मलबाई ने जनचौपाल में कलेक्टर के समक्ष अपनी समस्या रखते हुए बताया कि उनके गांवो के खसरा नंबरों में पटवारियों द्वारा उनकी जाति रजवार की जगह गोंड़ अनुसूचित जनजाति दर्ज कर दी गई थी। इस त्रुटि को सुधारने के लिए उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों से संपर्क किया, लेकिन उनकी शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही थी। इसके चलते उन्हें बार-बार कार्यालय व अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़े और अंततः उन्हें पैसे देने के लिए मजबूर होना पड़ा, फिर भी उनका काम नहीं हुआ। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सम्मलबाई की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तलब किया और तत्काल आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर की इस सख्त पहल का असर हुआ और महीनों से लंबित मामला कुछ ही समय में सुलझा लिया गया। सम्मलबाई ने कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके हस्तक्षेप के बिना यह संभव नहीं था। इस घटना ने प्रशासन की पारदर्शिता और त्वरित कार्यवाही की मिसाल पेश की है, जिससे जनता के बीच प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है।

# डीजे पर सख्ती, सड़क पर पण्डाल टेंट लगाने पर होगी कार्यवाही

## नदियों, तालाबों में प्लास्टिक के सामान, पॉलीथिन न फेंके

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने संयुक्त रूप से कानून व्यवस्था सहित विभिन्न मुद्दों पर जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक ली।

बैठक में बैकुंठपुर में गुरुवार व रविवार को लगने वाले बाजार के दौरान भीड़भाड़ व यातायात दबाव के निराकरण के सम्बंध में चर्चा की गई, वहीं मंदिर किनारे लगने वाले अवैध मुर्गी-मछली- मटन दुकान को सख्ती से हटाने के लिए पहल की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सोनहत-रामगढ़ मार्ग पर दुर्घटना सम्भावित क्षेत्र को चिन्हित कर रेडियम लगाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि जिले में डीजे (डिस्क जॉकी), माउंटेन व्हीकल की अनुमति नहीं दी जाए। इसके अलावा सड़क किनारे लगने वाले पण्डाल, टेंट, शामियाना को तत्काल हटाया जाए और न ही इस तरह की अनुमति नहीं दी जाए। श्रीमती त्रिपाठी ने नगर पालिका अधिकारियों को सड़क किनारे लगे गुमटी, दुकान, पानठेला आदि कब्जाधारियों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने एन.जी.टी. (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) के निर्देश के तहत जिलेवासियों को नदियों, तालाबों में प्लास्टिक सामान, पॉलीथिन व प्लास्टिक के पानी बॉटल, फूल, अगरबत्ती की पॉलीथिन नहीं फेंकने की अपील की साथ ही पुलिस प्रशासन सहित जनपद एवं नगरीय निकाय के अधिकारियों को नदियों एवं सरोवर को प्रदूषण मुक्त बनाने के दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने नदियों एवं सरोवर में कचरा एवं प्लास्टिक के समान फेंकने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए हैं। पुलीस अधीक्षक श्री परिहार ने कहा कि बैकुंठपुर घड़ी चौक में बने पार्किंग स्थल पर ही दुपहिया वाहनों को पार्किंग करने के लिए आम लोगों को प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि जिले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), ड्रग तस्करी खासकर अवैध गांजा, शराब के तस्करी को रोकने के लिए कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। श्री परिहार ने कहा कि मालवाहक वाहनो में ओवर लोडिंग व आम सवारी कराने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, श्रीमती अंकिता सोम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर व जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

## घर-घर सर्वे कर मतदाताओं का किया जा रहा है सत्यापन

**सूरजपुर।** भारत निर्वाचन आयोग, नई-दिल्ली के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के संदर्भ में विस्तृत कार्यक्रम जारी किये गये है। भारत निर्वाचन आयोग, नई-दिल्ली द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार 20 अगस्त, 2024 से 18 अक्टूबर, 2024 तक मतदान केन्द्रों में नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर-घर सर्वे कर मतदाताओं का सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। घर-घर सत्यापन के दौरान बीएलओ प्रत्येक मतदाताओं के घर में जाकर सत्यापन करेंगे कि मतदाताओं का नाम, पिता/पति का नाम, फोटोग्राफी इत्यादि सभी प्रकार की प्रविष्टियों की जाँच करेंगें। इसके अतिरिक्त सत्यापन के दौरान संबंधित मतदाताओं के घर में 01 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में नाम जोड़े जाने हेतु, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से विलोपित करने एवं मतदाता सूची में सुधार करने की कार्यवाही करेंगें। 20 अगस्त, 2024 से 18 अक्टूबर, 2024 तक मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही किया जाना है। जिसके तहत् नये मतदान केन्द्र बनाने, भवन परिर्वतन, स्थल परिर्वतन, नाम परिवर्तन की कार्यवाही किया जाना है, मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तरण के संबंध में प्रस्ताव दिनांक 15 सितम्बर, 2024 तक जिला निर्वाचन कार्यालय में संबंधित विधानसभा के अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा। 29 अक्टूबर, 2024 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जायेगा। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत 29 अक्टूबर, 2024 से 27 नवंबर, 2024 तक जिले के सभी मतदान केंद्रों में दावा/आपत्ति प्राप्त किये जायेगें।

## पंजीकृत श्रमिक नवीनीकरण के लिए 31 दिसंबर तक कर सकते है आवेदन

**सूरजपुर।** छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के गठन से आज तक ऐसे पंजीकृत श्रमिक जिनके पंजीयन की वैधता समाप्त हुए 01 वर्ष या उससे अधिक का समय हो चुका है तथा उनके द्वारा पंजीयन नवीनीकरण हेतु आज तक आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है, ऐसे निर्माणी श्रमिक 31 दिसंबर 2024 तक पंजीयन/नवकरण आवेदन कर सकते है। तथा 31 दिसंबर 2024 के पश्चात ऐसे अनवीनीकृत पंजीयन को अपंजीयन माना जाएगा। अधिक जानकारी हेतु सभी जनपद कार्यालय में संचालित मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केंद्र में संपर्क करें।

# स्वच्छता दीदियां कचरे का निस्तारण कर गांव को स्वच्छ रखने में दे रही हैं महत्वपूर्ण योगदान

**सूरजपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) ,मनरेगा और 15 वे वित्त के अभिसरण से बने सेग्रीगेशन शेड ने जिले के जनपद पंचायत भैयाथान के ग्राम पंचायत अनरोखा की सूरत बदल दी है। इस ग्राम पंचायत में 20 वार्ड है जिसकी जनसंख्या लगभग 1975 है। जहां की 'स्वच्छता दीदियां' कचरे का निस्तारण कर गांव की सड़कों, गलियों और चौक-चौराहों को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। खुले में शौचमुक्त गांव बनने के बाद अब अनरोखा प्लास्टिक एवं कूड़ा-करकट मुक्त ग्राम पंचायत भी बन गया है। सड़कों, गलियों और चौक-चौराहों पर फेंके जाने वाले कचरे को वहां की स्वसहायता समूह की महिलाओं ने अतिरिक्त कमाई का जरिया बनाया है। पिछले छह माह से इस समूह के द्वारा ग्राम में कचरे के निस्तारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।

डोर टू डोर, दुकानों, संस्थानों से कचरा संग्रहण तथा अलग-अलग कर निस्तारित करने का काम इन महिलाओं के लिए सहज-सरल नहीं था। शुरुआत में जब वे रिक्शा लेकर कचरा संकलन के लिए घर-घर जाती थीं, तो लोग उन्हें ऐसे देखते थे जैसे वे कोई खराब काम कर रही हों। लोगों की हिकारत भरी नजरों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और ग्राम पंचायत के सहयोग से इस काम को जारी रखा। इनके काम से गांव लगातार साफ-सुथरा होते गया, तो लोगों का नजरिया भी बदलने लगा। अब गांव वाले इन्हें सम्मान के साथ 'स्वच्छता दीदी' कहकर पुकारते हैं। अनरोखा के वन्दना महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं सफाई मित्र के रूप में घर-घर जाकर कचरा संकलित करती हैं। सेग्रीगेशन शेड यानी ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र में वे संकलित कचरा में से उनकी प्रकृति के हिसाब से उन्हें अलग-अलग करती हैं। कूड़े-कचरे के रूप में प्राप्त पॉलीथिन, खाद्य सामग्रियों के पैकिंग रैपर, प्लास्टिक के सामान, लोहे का कबाड़ एवं कांच जैसे ठोस अपशिष्टों को अलग-अलग करने के बाद कबाड़ी वालो को बेच दिया जाता है। समूह की दीदियों द्वारा अब तक 1000 से ज्यादा राशि यूजर चार्ज के रूप में संकलित की जा चुकी है।ग्राम पंचायत द्वारा भी अभी 15वें वित्त से सहयोग प्रदाय किया जा रहा है, जिसे इनका रोजगार का एक माध्यम बना है, ग्राम पंचायत द्वारा भी लगभग 20000 हजार रुपए राशि मानदेय के रूप में 15वें वित्त मद से प्रदाय किया गया है। सभी स्वच्छता दीदियों का सफाई कर्मकार के रूप में श्रम विभाग में पंजीयन कराया गया है। जिससे उन्हें और उनके आश्रित सदस्यों को कई लाभ मिलेंगे। 15 वा वित्त अभिसरण से निर्मित इस परिसम्पत्ति से गांव में स्वच्छता अभियान को नई दिशा मिली है। साथ ही गांव की 3 महिलाओं को रोजगार का नया मार्ग भी मिला है।

## बेबीलोन कैपिटल में जुआ खेल रहे 10 जुआरी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने शहर के बेबीलोन कैपिटल होटल में छापेमारी कर जुआ खेल रहे 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 2 लाख रुपये और ताश की पत्तियां भी जब्त की है। तेलीबांधा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली, जिसके आधार पर पुलिस की टीम ने बेबीलोन कैपिटल होटल में दबिश दी. होटल के रूम नंबर 115 में जुआरियों को मजमा लगा हुआ था।

## राजधानी में रही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम

**रायपुर।** रायपुर के सभी राधा-श्रीकृष्ण मंदिरों में धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। भगवान श्याम का 5251वां जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास केसाथ के साथ मनाया गया। रायपुर के सभी राधा-श्रीकृष्ण मंदिरों में धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। भगवान श्याम का 5251वां जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रात 12 बजे के बाद सभी मंदिर जय श्रीकृष्ण और राधे-राधे की जयघोष से गूंज उठे। मंत्र, आरती और शंखनाद से पूरा परिसर गूंजता रहा। रायपुर के दुधाधारी मंदिर स्थित राधा श्रीकृष्ण मंदिर में राधे-राधे के जयघोष से पूरा मंदिर गूंजयमान हो उठा। जैतूसाव मठ और समता कॉलेनी स्थित राधा श्रीकृष्ण मंदिर में सांस्कृतिक भजनों के बीच श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर में राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस कार्यक्रम किया गया आयोजित

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस कार्यक्रम में ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर के सभा कक्ष में आयोजित किया गया । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेक्टर सुपरवाइजर, मितानिन, स्कूल टीचर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्रशिक्षण दिया गया साथ मे आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत सम्पूर्णता अभियान के 6 संकेतकों को प्रशिक्षण में आये सभी प्रतिभागी को विस्तार से बताया गया ।और अगले एक महीने के भीतरी 30 प्लस व्यक्तियो को मधुमेह ,उच्चरक्तचाप की स्क्रीनिंग शत शत प्रतिशत किया जा सके जिससे सभी को सेक्टर्स सुपरवाइजर को आपके आरएचओ, सीएचओ को एनसीडी के कार्य मे प्रगति लाने को कहा। यह कार्यक्रम स्कूल एवं आंगनबाड़ीयों में राष्ट्रीय कृमि दिवस के दिन 1 साल से 19 साल तक के बच्चों एवं किशोर-किशोरीयों को कृमि नियंत्रक दवाई निशुल्क खिलाई जाएंगी । कुपोषित और खून में कमी होती है जिसके कारण हमेशा थकान रहती है। सम्पूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास नही होती है। कृमि से छुटकारा, सेहतमंद भविष्य हमारा।

## मंगल भवन रामानुजनगर में दिव्यांग शिविर का होगा आयोजन कल

**सूरजपुर।** जिले में निवासरत दिव्यांगजनों के चिन्हांकन/परीक्षण कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यू.डी.आई.डी. कार्ड बनाये जाने हेतु 30 अगस्त को जनपद पंचायत रामानुजनगर के मंगल भवन में शिविर का आयोजन किया जाना था। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों की सफलता पूर्वक क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग हेतु जिला स्वास्थ्य मिशन, जिला स्वास्थ्य समिति एवं अन्य समितियों की बैठक 30 अगस्त को किये जाने के कारण जनपद पंचायत रामानुजनगर में आयोजित शिविर स्थगित कर संशोधित कर 29 अगस्त को मंगल भवन रामानुजनगर में शिविर का आयोजन किया जाना है। दिव्यांगजनों के चिन्हांकन/परीक्षण कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यू.डी.आई.डी. कार्ड बनाये जाने हेतु 29 अगस्त को मंगल भवन रामानुजनगर में मेडिकल बोर्ड एवं दिव्यांगजनों को शिविर स्थल में उपस्थित कराने का कष्ट करें।

# ...तो110 किलोमीटर हो जाएगी कोरबा की दूरी

**अंबिकापुर।** रेल मंत्रालय भारत सरकार ने अंबिकापुर से कोरबा तक नई रेल लाइन के लिए सर्वे को स्वीकृति दी है। इससे सरगुजांचल की जनता उत्साहित है। रेणुकूट से अंबिकापुर होते कोरबा तक रेल लाइन के लिए वर्ष 2020-21 में हुए सर्वे में अंबिकापुर से कोरबा तक की दूरी लगभग 207 किलोमीटर बताई गई है। इस सर्वे में कोरिया जिले से होते हुए रेल लाइन को अंबिकापुर से कोरबा तक जोड़ा गया है।

इसी कारण दूरी अधिक बढ़ गई है। सरगुजांचल के लोग अब अंबिकापुर से कोरबा तक नई रेल लाइन की कम दूरी वाले रूट से रेल प्रबंधन को अवगत कराने की तैयारी में है। अंबिकापुर से लखनपुर, केदमा, मतरिंगा, सियांग, चिर्रा, बताती होते कोरबा की दूरी सिर्फ 110 किलोमीटर ही है। इसी के आधार पर सर्वे हुआ तो अंबिकापुर से कोरबा तक रेल लाइन की दूरी कम हो जाएगी। दूरी कम होने से स्वाभाविक रूप लागत भी कम हो जाएगी। सरगुजा क्षेत्र रेल संघर्ष समिति के बैनर तले सरगुजा क्षेत्र की जनता अंबिकापुर से रेल लाइन विस्तार की मांग को लेकर मुखर हो चुकी है। अंबिकापुर से रेणुकूट तक नई रेल लाइन को लेकर पदयात्रा भी किया गया है। सांसदों, विधायकों ने भी इस मांग का समर्थन किया है। भारत सरकार की ओर से अंबिकापुर से कोरबा तक नई रेल लाइन के सर्वे के लिए राशि के प्रविधान से उम्मीद की जा रही है कि अंबिकापुर से रेल लाइन का विस्तार होगा। एनर्जी कारीडोर के तहत उत्तर व मध्य छत्तीसगढ़ को उत्तर प्रदेश से जोड़ने की योजना है। कोरबा से अंबिकापुर होते रेणुकूट तक नई रेल लाइन के लिए



वर्ष 2020-21 में सर्वे कराया गया है। इस सर्वे में कोरबा से रेणुकूट तक नई रेल लाइन की दूरी 351.70 किलोमीटर बताई गई है। इसमें कोरबा से अंबिकापुर तक 207 किलोमीटर तथा अंबिकापुर से रेणुकूट तक की दूरी 144 किलोमीटर बताई गई है। सर्वे में इस रेल लाइन निर्माण में कुल लागत 4973.84 करोड़ आंकी गई है। रेणुकूट से अंबिकापुर होते कोरबा तक नई रेल लाइन के लिए तीन वर्ष पहले सर्वे हुआ है। इसमें अंबिकापुर से कोरबा को जोड़ने रेल लाइन को कोरिया जिले से निकाला गया है। अंबिकापुर से सुखरी, जमदेई , कालीपुर (बतौली), उमेश्वरपुर, हर्राटिकरा, गणेशपुर, खड़गवां, जधारी ,नेवरी, सकडा, पुटीपखना, जटगा, बरबसपुर,पुरानी बस्ती, ज्वाली, मनगवां,गोपालपुर होते कोरबा को जोड़ा गया है। इस सर्वे में व्यापक विसंगति है। जिग - जैग की तरह सर्वे होने के कारण प्रस्तावित रेल लाइन की दूरी अधिक हो गई है।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य मुकेश तिवारी ने कहा कि पिछले सर्वे में हुई विसंगति को इस बार नहीं होने देंगे। अंबिकापुर - कोरबा रेल लाइन का पिछला सर्वे वर्ष 2020-21 में सिकंदराबाद की एक कंपनी द्वारा किया गया था। इस सर्वे में अनेक विसंगतियां और कमियां हैं। सर्वे रिपोर्ट से पता चलता है कि कंपनी को ना तो सरगुजा क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति का ज्ञान है न ही धरातल पर जाकर सर्वे कार्य किया गया है।अंबिकापुर से सुखरी, जमदेई (जिला सूरजपुर) होते रेल लाइन को वापस सरगुजा जिले के बतौली के कालीपुर लाया गया है। यहां से फिर सूरजपुर जिले के रामानुजनगर क्षेत्र के उमेश्वरपुर में रेल लाइन ले जाकर वर्तमान एमसीबी जिले के खड़गवां तक ले जाया गया है। यहां से कोरबा तक के सर्वे में भी अनावश्यक रूप से ऐसे क्षेत्र से लाइन को ले जाया गया है जहां से दूरी अधिक हो रही है। इस सर्वे की विसंगति सरगुजांचल में रहने वाला हर व्यक्ति आसानी से समझ सकता है। उन्होंने कहा कि पिछली बार भटगांव - प्रतापपुर - वाड्रफनगर रेणुकूट के सर्वे में इसी कंपनी ने सूरजपुर जिले के भटगांव के बजाय बलौदाबाजार के भटगांव से सर्वे कर दिया था, जो रेल सुविधा की दृष्टि से निरर्थक और औचित्यहीन है। रेल प्रबंधन को इस कंपनी की कारगुजारी से अवगत कराते हुए कोरबा- अंबिकापुर के आगामी सर्वे कार्य से इस कंपनी को पृथक रखने के लिए सुझाव दिया गया है।

सर्वे वर्ष = 2020 -21, कुल दूरी - 351.70 किलोमीटर सिविल कार्य - 4100 .68 करोड़, इलेक्ट्रिकल कार्य - 426.96, एस एंड टी कार्य - 446.20, कुल लागत - 4973.84, दक्षिण - पूर्व - मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य मुकेश तिवारी ने बताया कि कोरबा से अंबिकापुर तक नई रेल लाइन बिछाने के लिए सर्वे की स्वीकृति उत्तर छत्तीसगढ़ में रेल सेवा विस्तार की दिशा में बड़ा निर्णय है। यदि अंबिकापुर से लखनपुर, केदमा, मतरिंगा, सियांग, चिर्रा, बताती होते कोरबा को जोड़ा जाए तो पूर्व के सर्वे के विपरीत दूरी काफी कम हो जाएगी। अंचल के लोगों की इच्छा है कि हम कम दूरी वाले रुट से रेल प्रबंधन को अवगत कराएं ताकि उसी अनुरूप सर्वे हो सके।

# शराब के नशे में कार चालक ने दो युवकों की जिंदगी छीनी, महिला सहित दो घायल

### ओपन थिएटर-नेताजी चौराहा मार्ग पर हुई दुर्घटना

**कोरबा।** यातायात का दबाव के बीच लापरवाही का प्रदर्शन करने वाले चालकों की वजह से लोगों की जिंदगी खतरे में है। पिछली रात ओपन थिएटर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस चौराहा के बीच हुई दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक महिला सहित दो लोग जख्मी हो गए। घटना को अंजाम देने वाला कार चालक नशे में था जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। सिविल लाइन पुलिस ने उसके विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया है। आज सुबह मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

सिविल लाइन पुलिस थाना के अंतर्गत पिछली रात्रि लगभग 8.30 बजे यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार से आ रही कार संख्या सीजी-12बीएल-2421 ने बाइक सवार शिव कुमार मिरी और मनोज गिरी को चपेट में लिया। कार ने एक और बाइक को निशाने पर लिया जिसमें एक महिला सहित दो लोग घायल हो गए। दुर्घटना की जानकारी होने पर आसपास के लोग हरकत में आए लेकिन इसके पहले ही मौके का फायदा लेकर लापरवाह कार चालक यहां से फरार हो गया।



सूचना होने पर पुलिस की टीम यहां पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पता चला कि दुर्घटना में मनोज की कुछ देर बाद ही मौत हो गई जबकि शिव कुमार को एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां तीन घंटे बाद उसकी सांसें थम गई। हादसे को लेकर इस क्षेत्र में लोग काफी नाराज दिखे, जिन्होंने असुरक्षित आवागमन और इससे जुड़ी स्थिति को लेकर चिंता जताई। सिविल लाइन पुलिस ने दुर्घटना पर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया है। बताया गया कि प्रकरण में मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के अंतर्गत भी कार्रवाई की जाएगी।

### सुरक्षित आवागमन के लिए हो काम

कोसाबाड़ी व्यापारी संघ के प्रतिनिधि और भाजपा नेता अजय विश्वकर्मा ने कहा कि निहारिका से कोसाबाड़ी क्षेत्र में भीड़भाड़ की स्थिति सुबह से रात तक होती है। इस रास्ते पर वाहनों का दबाव होने के कारण सुरक्षा के लिए काम करने की जरूरत है। सुरक्षित आवागमन की बहाली की जानी जरूरी है। दावे से अलग हटकर इस तरफ काम कैसे हो इसके लिए प्राथमिकता आवश्यक है। ऐसा होने पर बार-बार होने वाले हादसों की रोकथाम और जनहानि के ग्राफ को कम किया जाना संभव हो सकेगा।

### सीएसईबी क्षेत्र की है कार

दुर्घटना को अंजाम देने वाली कार कोरबा के सीएसईबी कालोनी क्षेत्र की है, इस प्रकार की जानकारी मिली है। उसका चालक ओपन थिएटर से निहारिका की तरफ जा रहा था तब उसने यह घटना की। दो लोगों की मौत इस दौरान हुई है।

**प्रमोद डनसेना,** थाना प्रभारी, सिविल लाइन

## खोमचा व्यवसाय बना आमदनी का जरिया

**कोरबा।** व्यवसाय कोई भी छोटा नहीं होता और अच्छी सोच के साथ इसमें कदम बढ़ाने से आर्थिक स्थिति बेहतर की जा सकती है। कोरबा में वर्तमान में खोमचा व्यवसाय से जुड़े लोगों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। विभिन्न मार्गों पर सुबह से रात तक इनकी दुकानों पर आने वाली भीड़ बताती है कि व्यवसाय अच्छा है।समोसा, इटली, दोसा से लेकर कई प्रकार के नाश्ते इन दुकानों में तैयार किये जा रहे हैं। सुबह 6 बजे से कारोबारियों की व्यस्तता शुरू होती है, जो रात तक चलती है। बताया जा रहा है कि कम पूंजी पर इसे शुरू करना संभव है। बहुत ज्यादा तामझाम के बजाय इसमें लाभ की ज्यादा गुंजाइश है। कोरबा क्षेत्र में दक्षिण भारतीय नाश्ते की दुकानें जिस तेजी से बढ़ी है, संबंधित लोगों को लाभ उतना ही ज्यादा हो रहा है। बताया गया कि सस्ते चावल को बेच देते हैं और इसके माध्यम से उनका व्यवसाय काफी फलफूल रहा है। कुल लागत के मुकाबले उन्हें 10 गुना फायदा मिल रहा है।

## हेरिटेज राइड और ट्रैक करेगा यूथ हास्टल

**कोरबा।** पर्यावरण और साहसिक गतिविधियों के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने वाले संगठन यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने हेरिटेज राइड और ट्रैक करना तय किया है। संगठन और सदस्यों के अलावा गैर सदस्य भी इसमें शामिल हो सकेंगे।यूथ हॉस्टल की कोरबा यूनिट के प्रमुख ने बताया कि एक सितंबर रविवार को यह कार्यक्रम किया जा रहा है। कोरबा से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। बालकोनगर के कॉफी प्वाइंट, देवपहाड़ी, सतरेंगा, बांगो और कटघोरा इस यात्रा के पड़ाव होंगे। एक दिवसीय राइड और ट्रैक कार्यक्रम के अंतर्गत कई प्रकार के आकर्षण शामिल होंगे। सीमित सीटें इसके लिए रखी गई हैं। बताया गया कि जिले के पर्यटन और साहसिक महत्व के स्थानों पर फोकस करने के साथ सैलानियों की पहुंच बढ़ाना इसका उद्देश्य है। ट्रैक कार्यक्रम की समाप्ति से पहले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

## 25 वें वर्ष में होगी दुर्गा पूजा



**कोरबा।** शारदा विहार फेस 2 में दुर्गा पूजा का इस वर्ष 25 वां आयोजन होगा। समिति ने धूमधाम ने पूजा करना तय किया है। बीते वर्षों के मुकाबले इस बार काफी कुछ नयापन होगा। क्वांर नवरात्र के प्रथम दिवस यहां प्रतिमा स्थापित होगी और दशहरा के बाद इसका विसर्जन होगा। समिति के प्रमुख ने बताया कि पूरे 9 दिन भक्तों को भोग वितरण बीते वर्षों में होता रहा है। इसमें और भी कुछ आकर्षण जोड़ें जाएंगे। वित्तीय प्रबंधन को मजबूत करने के लिए एक सितंबर को बैठक होगी।



## प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे शिल्पी

**कोरबा।** भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को विघ्न विनाशक का उत्सव प्रारंभ होगा। इसके लिए समय ज्यादा नहीं बचा है। कोरबा में गणेश प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने का काम मृदा शिल्पियों के द्वारा किया जा रहा है। कोरबा और उपनगरों में उनके कैंपों में इन दिनों व्यस्तता कुछ ज्यादा है।

## गेवरा में पौधे वितरित

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के द्वारा 28 अगस्त को पर्यावरण दिवस के रूप में मनाते हुए एक दिन पहले गेवरा कालोनी में पौधे वितरत किए गए। इस दौरान प्रीमत राठौर, विरेन्द्र राठौर, मदन सिंह, कुलदीप कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। दर्री कालोनी में भी बिजली कर्मचारी संघ के द्वारा पौधे लगाए गए। इस दौरान अजय मिश्रा वेंकट राव, मदल मोहन पाण्डेय, केदार हेतराम खुटे सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। जुनियर क्लब विद्युत मंडल कालोनी के निकट उद्यान में नवरत्न बरेठ संदीप राठौर ,श्याम सुंदर सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाए। बालको में शरद नायर और माखन वर्मा के नेतृत्व में पौधे लगाए गए।

## कहने को वीआईपी रोड, गड्ढे कर रहे परेशान

**कोरबा।** जिला मुख्यालय की एक सड़क खामियों के कारण अब केवल नाम भर की वीआईपी रोड रह गई है। यहां पर आने-जाने में हो रही परेशानी से जनता त्रस्त है। सुधार कब होगा, जनता इसकी प्रतीक्षा में है।

नगर पालिक निगम के क्षेत्राधिकार में आने वाली यह सड़क जैन मंदिर तिराहा से साकेत चौराहा तक पिछले वर्षों में बनाई गई। इसके चौड़ीकरण पर कई करोड़ रुपए खर्च किए गए। उम्मीद की जा रही थी कि यह सड़क टिकाऊ साबित होगी लेकिन यह सोचना सच साबित नहीं हो सका। शहर की दीगर सड़कों के समान इसकी भी दुर्दशा हो गई है। हर कहीं सड़क टूट-फूट का शिकार है। जहां-तहां गड्ढे होने से समस्या पहले से थी। बारिश में सड़क का काफी हिस्सा कबाड़ा हो गया। अब वाहनों के चलने से सड़क के भीतर का मटेरियल न केवल बाहर आ रहा है बल्कि वातावरण के साथ-साथ आवाजाही करने वाले लोगों को भी मुश्किल में डाल रहा है। समस्या के बारे में प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ नगर निगम को चलाने वाले भलीभांति अवगत हैं क्योंकि वे अपने कामकाज के लिए इस रास्ते का उपयोग किया करते हैं। इतना सबकुछ होने के बावजूद सड़क की दशा को बेहतर करने के लिए न तो रूचि ली जा रही है और न किसी संगठन का सहयोग लिया जा रहा है ताकि जनता खुद श्रमदान करने के लिए आगे आ सके। इससे पहले शारदा विहार रेलवे क्रासिंग की बदहाली को देखते हुए वहां की महिला समिति ने अपने स्तर पर चंदा किया और गड्ढों को भरवाने का काम किया। जिसके बाद से गाड़ियां क्रासिंग पर नहीं फंस रही है और लोग राहत में हैं।

### समस्यामूलक बने स्पीड ब्रेकर

नगर निगम ने वीआईपी रोड पर वाहनों की रफ्तार को नियंत्रित करने के लिए रम्बर ब्रेकर लगाए थे। अलग-अलग कारण से इनकी दुर्गति हो गई और अब मौके पर गड्ढे तैयार हो गए हैं जिससे आए दिन दोपहिया की सवारी करने वाले चोटिल हो रहे हैं। निगम के निर्माण विभाग को इसकी जानकारी कई बार देने के बाद भी सुधार की जरूरत नीं समझी गई।

## मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता रायपुर गए

**कोरबा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा भाजपा के मोर्चा व प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं को बैठक लेने के लिए रायपुर बुलाया है। कोरबा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वैशाली रत्न पारखी, मनोरमा शर्मा, मंजू सिंह, अजा मोर्चा के डा. जय लहरे, सरजू अजय, युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रीति स्वर्ण कार नरेन्द्र बिझंवार सुभाष राठौर, दीक्षित देवांगन, अरविंद भगत रायपुर केलिए रवाना हुए है। इधर भाजपा नगर मंडल कोरबा के उपाध्यक्ष रमा शंकर साहू ने बताया कि मंडल कार्यकर्ताओं की बैठक आज रखी गई है। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष डा. राजीव सिंह भाग लेगें। कुदमुरा मंडल की बैठक 31 अगस्त को आयोजित किया है। इस बैठक में प्रफुल्ल तिवारी, संदीप सहगल, लक्ष्मी श्रीवास, सुमीत वर्मा, धनजंय चौहान सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल होगें। आज उरगा मंडल में बैठक आयोजित है। जिसमें किशन अग्रवाल, रामनारायण सराफ, फुलसिंह सिंह कंवर ,किशन साव,प्रकाश यादव सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल होगें। करतला मंडल की बैठक 29 अगस्त को रामपुर में आयोजित की गई है। जिसमें टिकेश्वर राठिया आकाश सक्सेना सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल होगें।

## सांसद का होगा स्वागत

**कोरबा।** सासंद ज्योत्सना महंत का आज सिघाली ढेलवाडीह क्षेत्र का दौरा है। इस क्षेत्र में कांग्रेस के कार्यकर्ता जगह जगह स्वगत करेगें। ढेलवाडीह में युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष रहमान खान शत्रुघन पटेल दिपेश यादव, तारेश राठौर के नेतृत्व में स्वागत होगा। सिंघाली कसरेंगा क्षेत्र में टीकाराम मनहरण, दिलीप सिंह, प्रदीप अग्रवाल, नवल किशोर पंडित राजेश मानिकपुरी,परामानंद सिंह के नेतृत्व में स्वागत होगा।

## गीतकुआंरी में डटे तीन हाथी



**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज में हाथी समस्या बनी हुई है। धरमजयगढ़ क्षेत्र से यहां के गीतकुंआरी में पहुंचे तीन हाथियों का दल पिछले एक सप्ताह से जंगल में जमा हुआ है। क्षेत्र में मौजूद ये हाथी दिन भर जंगल में विश्राम करने के बाद शाम को निकलकर लोगों के खेतों में पहुंच जा रहे हैं और वहां उत्पात मचाने के साथ ही खेत में लगे धान की फसल को रौंद दे रहे हैं। जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि वन विभाग शीघ्र ही क्षेत्र में उत्पात मचा रहे हाथियों को खदेड़ने के लिए कोई कदम नहीं उठाता है तो वे आंदोलन करने के लिए विवश हो जाएंगे।

# कीचड़ से लबरेज एनएच का रास्ता, गंतव्य तक पहुंचने के लिए लंबा फेरा लगाने की मजबूरी

**कोरबा।** निर्माणाधीन नेशनल हाईवे 49बी में बारिश के बाद कीचड़ की समस्या ने कई क्षेत्रों के लोगों को मुश्किल में डाल दिया है। ग्रामीण इलाकों के करीब दलदल के हालात बनने से आवागमन करना काफी असुविधाजनक हो गया है। लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए अनावश्यक लंबा फेरा लगाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

कोरबा-चांपा नेशनल हाईवे सड़क कब तक पूरी हो सकेगी, इस बारे में कहा जाना संभव नहीं है। एनएचएआई ने यह काम भोपाल की दिलीप बिल्डकॉन को सौंपा है। खबरों के मुताबिक निर्माण कार्य में कई प्रकार की खामी और विलंब के कारण मड़वारानी ,बरपाली उरगा में मार्ग कीचड़ से सराबोर है। बसों ,छोटे वाहन चालकों एवं टू व्हीलर चालकों को 8 किलोमीटर का अतिरिक्त फेरा लगाना पड़ रहा है। तब कहीं जाकर लोग पहंदा -तिलकेजा होते हुए सक्ति -तुमान मार्ग में भैसमा से उरगा पहुंच पा रहे हैं। कीचड़ से अटे बरपाली चौक में



स्कूल,कॉलेज के छात्र -छात्राओं, व्यापारियों, किसानों ,कर्मचारियों समेत आमजनों को भारी वाहनों के आवागमन के बीच जोखिम भरी स्थिति में आवाजाही करनी पड़ रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग चाम्पा से कटघोरा तक फोरलेन सड़क के प्रथम चरण में चाम्पा से उरगा 38 किलोमीटर का निर्माण जारी है। करीब 1000 करोड़ के का यह प्रोजेक्ट ढाई साल का है । इस मार्ग पर 56 पुल-पुलिया समेत अंडरपास का निर्माण करना है जिसके लिए बगल से डामरीकृत डायवर्सन सड़क का निर्माण पहले करना है और उसके पश्चात ही पुलिया का कार्य शुरू किया जाना है। इसके विपरीत फोरलेन के निर्माण में लगी हरियाणा की ठेका कंपनी डायमंड कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार द्वारा अपनी सुविधा देखते हुए गिट्टी वाला डायवर्सन सड़क बनाकर पुलिया का निर्माण प्रारंभ कर दिया । जबकि नेशनल हाइवे-149बी के एसओपी में उल्लेखित है। डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट व एसओपी के अनुसार डायवर्टेड मार्ग

## सही जगह पार्किंग करने पर दिया जाए ध्यान



**कोरबा।** ट्रैफिक से संबंधित समस्याओं को निराकृत करने के लिए शहर में कोशिश चल रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा ने बुधवारी क्षेत्र के व्यवसायियों की बैठक इस मसले को लेकर ली। मुख्य रूप से कहा गया कि वाहनों की पार्किंग सही जगह पर किया जाए ताकि सड़कों पर अव्यवस्था उत्पन्न न हो और लोग परेशान न हो सके। एडिशनल एसपी ने बुधवारी सब्जी मंडी के दुकानदारों और आसपास में कारोबार करने वाले व्यवसायियों की बैठक समस्या के समाधान को लेकर ली। इसमें व्यवसायी शामिल हुए। उन्हें कहा गया कि लगातार बुधवारी क्षेत्र में सड़क के आसपास कहीं भी वाहनों की पार्किंग किए जाने के नजारे देखने को मिल रहे हैं। इस चक्कर में समस्याएं पैदा हो रही है। आवागमन पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। काफी समय से इन चीजों को ध्यान में रखा गया है अब हिदायत देने के साथ कार्रवाई भी की जाएगी। एडिशनल एसपी ने बैठक में कहा कि जैन मंदिर चौराहे और महाराणा प्रताप ग्राउंड में वाहनों की पार्किंग कराए जाने पर ध्यान देना होगा। मनमाने तरीके से कहीं भी गाड़ियां खड़ी पाई गई तो कार्रवाई का डंडा चलेगा।

## रिकव्हरी के विरोध में प्रदर्शन जारी



**कोरबा।** पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की धन राशि का दुरुपयोग करने के मामले में प्रशासन ने अनेक पंचायतों के सरपंचों से रिकव्हरी करना तय किया है। इससे पहले प्राथमिकी दर्ज की गई। इस प्रकरण को लेकर पाली तानाखार विधायक का अनिश्चितकालीन हड़ताल लगातार 8वें दिन भी जारी है। 8 दिन की हड़ताल के बाद भी प्रशासन का कोई भी अधिकारी उनसे मिलने नहीं आया है।

तुलेश्वर मरकाम पाली शिवमंदिर के पास उनके द्वारा टेंट लगाकर प्रदर्शन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत हुए निर्माण कार्य में जिस तरह से भ्रष्टाचार हुआ है उसमें कई सरपंचों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया फिर उनसे रिकवहरी करने के लिए नोठिस जारी कर दिया गया। इसी के खिलाफ उनके द्वारा हड़ताल किया गया जा रहा है। विधायक ने बताया,कि उनके क्षेत्र में काफी समस्याएं कायम है। पात्र हितग्राहियों को वन अधिकारी पट्टा नहीं मिल पा रहा है,स्कूलों में शिक्षकों की कमी बनी हुई,पटवारियों की मनमानी से किसान परेशान है। बावजूद इसके प्रशासन का कोई भी अधिकारी उनसे मिलने नहीं आया है। प्रदर्शन से किसी प्रकार के दबाव की स्थिति से अधिकारियों ने इनकार किया है।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं संजय गोयल पूर्व में मेरा नाम संजय अग्रवाल था। मैंने अपना नाम बदलकर संजय गोयल रख लिया है। कृपया मुझे अब संजय गोयल के नाम से जाना व पहचाना जाए।

भवदीय
**संजय गोयल**
कोरबा









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com